राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 255
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 09 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236





मुख्य अपडेट | पेज 3 कृषि यंत्रों हेतु कृषकों का चयन करने के लिए ई-लॉटरी हुई संपन्न | पेज 4 वर्षा और बाढ़ से प्रभावित गन्ना फसलों की समीक्षा के लिए | पेज 6 मैग्नस कार्लसन बने पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025


## संक्षिप्त खबरें

### अमृतसर में खालिस्तानी नारे लिखने वाले आरोपी गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में 6-7 अगस्त की रात तीन स्थानों पर लिखे गए खालिस्तानी नारे के मामले पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मात्र 24 घंटों में इस गुत्थी को सुलझा लिया। वहीं, आरोपियों ने सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू पर आरोप लगाया कि उसने काम करवाने के बाद भी पेमेंट नहीं की। जानकारी के अनुसार पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की मूवमेंट ट्रैक की और 24 घंटे में उन्हें पकड़ लिया। दोनों ही आरोपी गुरदासपुर में बटाला के दर्गाबाद गांव के निवासी हैं।

### एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या हो गई। यह घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे जंगपुरा भगोल लेन में हुई। पुलिस ने बताया कि हुमा के भाई आसिफ कुरैशी का अपने पड़ोस के दो लोगों से मेन गेट के सामने स्कूटर पार्क करने पर झगड़ा हुआ। विवाद के बाद आरोपियों ने आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर हालत में आसिफ को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आसिफ के परिजन का आरोप है कि मामूली बात पर आरोपियों ने बेरहमी से हमला किया।

'वोट अधिकार रैली'



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में पार्टी की 'वोट अधिकार रैली' के दौरान।

## धराली त्रासदी-हाईटेक मशीनें पहुंचने में 4 दिन और लगेंगे

**80 एकड़ से मलबा हटाने में 3 जेसीबी लगीं, 100-150 लोगों के दबे होने की आशंका**



**देहरादून।** उत्तरकाशी के धराली गांव में आई आपदा का आज चौथा दिन है। अभी भी 100 से 150 लोग लापता हैं, वे मलबे में दबे हो सकते हैं। पूरी तरह से रेस्क्यू शुरू होने में 4 दिन का समय और लग सकते हैं।

धराली के 80 एकड़ में 20 से 50 फीट तक मलबा फैला है। इसे हटाने के लिए सिर्फ 3 जेसीबी मशीनें लगी हैं। मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश के लिए हाईटेक थर्मल सेंसिंग उपकरण और बड़ी मशीनें चाहिए, लेकिन ये सभी 60 किमी दूर भटवाड़ी में रास्ता न खुलने की वजह से 2 दिन से अटका हुआ है।

उत्तरकाशी से गंगोत्री तक एक ही सड़क है, जो धराली से गुजरती है। हर्षिल से धराली की 3 किमी की सड़क 4 जगह पर 100 से 150 मीटर तक खत्म हो चुकी है। भटवाड़ी से हर्षिल तक तीन जगह लैंडस्लाइड और एक पुल टूटा है। ऐसे में धराली तक सड़क खुलने में 3-4 दिन और लग सकते हैं।

उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था। अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।

### इसरो ने सैटेलाइट तस्वीरें जारी कीं, इससे रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद मिली

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि Cartosat-2S सैटेलाइट से हादसे वाली जगह की पहले और बाद की तस्वीर क्लिक की गई। जिससे त्रासदी के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में काफी मदद मिली।

## मानसून सत्र का 15वां दिन

**केंद्र ने इनकम टैक्स बिल-2025 वापस लिया, दोनों सदन 11 अगस्त तक स्थगित**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इनकम टैक्स बिल 2025 वापस ले लिया है, बिल का नया वर्जन 11 अगस्त को सदन में रखा जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में इनकम टैक्स बिल 2025 वापस लेने का प्रस्ताव रखा था। सदन की मंजूरी के बाद इसे वापस ले लिया गया।

संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार को 15 वां दिन था। इस दौरान लोकसभा-राज्यसभा में विपक्ष के बिहार में एफआईआर के मुद्दे पर हंगामा हुआ। इसके चलते दोनों सदनों को 11 अगस्त की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही करीब ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए।

14 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।

### मानसून सत्र 32 दिन चलेगा, 18 बैठकें होंगी

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक यानी कुल 32 दिन चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी।

केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं।

पहले दिन नए इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होगी। कमेटी ने 285 सुझाव दिए हैं। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में बने नए कानून भारतीय न्याय संहिता में राजद्रोह से जुड़ी धारा 152 को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा है कि वह इसकी संवैधानिक वैधता यानी संविधान के अनुसार सही होने पर विचार करेगा। याचिका सेना के रिटायर्ड मेजर जनरल एस.जी. वोम्बटकेरे ने दायर की है। उन्होंने कहा है कि बीएनएस की धारा 152, पुराने राजद्रोह कानून (आईपीसी की धारा 124ए) की तरह ही है, बल्कि उससे भी ज्यादा सख्त, खतरनाक और अस्पष्ट है। सीजेआई गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने याचिका पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने इस याचिका में उस पुराने मामले से जोड़ने का आदेश भी दिया है जिसमें पहले से आईपीसी के राजद्रोह कानून को चुनौती दी गई थी। इस मुद्दे पर अगली सुनवाई में सरकार को कोर्ट में अपना पक्ष रखना होगा।

## 2024 में 2 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी

**ये 2020 की तुलना में ढाई गुना; केंद्र ने लोकसभा में पिछले 5 साल के आंकड़े दिए**

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में बताया कि साल 2024 में 2,06,378 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़कर दूसरे देशों की नागरिकता ले ली। कीर्ति सिंह ने कहा कि नागरिकता छोड़ने के कारण व्यक्तिगत होते हैं और यह वही व्यक्ति जानता है जिसने यह फैसला लिया हो।

उन्होंने बताया कि सरकार प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ाव बढ़ाने, उनके ज्ञान और नेटवर्क का लाभ उठाने पर जोर दे रही है। सरकार का मानना है कि सफल और प्रभावशाली प्रवासी भारतीय देश की सॉफ्ट पावर को मजबूत करते हैं। सरकार ने पिछले 5 सालों का आंकड़े भी पेश किए। इन आंकड़ों के मुताबिक 2024 में भारत की नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 2020 से लगभग ढाई गुना रही है।

### 2020 की तुलना में 2024 में ढाई गुना ज्यादा लोगों ने नागरिकता छोड़ी

कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल के सवाल के जवाब में मंत्री कीर्ति ने पिछले पांच साल का आंकड़ा भी दिया। सरकार के मुताबिक, 2020 में 85,256, 2021 में 1,63,370, 2022 में 2,25,620, और 2023 में 2,16,219 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी थी। इससे पहले 2011 में यह संख्या 1,22,819, 2012 में 1,20,923, 2013 में 1,31,405 और 2014 में 1,29,328 थी।



## हैप्पी मॉर्निंग


एक खूबसूरत सेक्रेटरी गुस्से में गालियां देते हुए बॉस के केबिन से बाहर निकली साथ की एक साथी ने पूछा- क्यों भड़क रही हो?
सेक्रेटरी- क्या बताऊ यार? बॉस पूछ रहा था कि शाम को फ्री हो, मेरे हां कहने पर उसने मुझे 60 पेज का असाइनमेंट टाइप करने को दे दिया....



### शायरी

कलिजुग ही मैं मैं लखी, अति अचरज मय बात।
होत पतित-पावन पतित, छुवत पतित जब गात॥

### अर्थसार



संसेक्स:
79,857.79
-765.47 (0.95%)
निफ्टी:
24,363.30
-232.85

### मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 5 : 50
सूर्यास्त शनिवार : 7 : 20

## राहुल बोले- मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने, ईसी इलेक्ट्रॉनिक डेटा दे, तो साबित करेंगे



**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रानिक डेटा मिल जाए तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

राहुल ने कहा- चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए।

राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की वोट अधिकार रैली में ये बात कही। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए।

राहुल ने गुरुवार को भी आरोप लगाया था कि कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 फर्जी वोट बनाए गए, जिससे भाजपा को फायदा हुआ। भाजपा-ईसी की मिलीभगत से यह धांधली हुई, जिसने पीएम मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचाया।

### राहुल की स्पीच की 4 बड़ी बातें...

कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा में 6.50 लाख वोट हैं। उसमें से 1 लाख 250 वोट चोरी किए गए, मतलब 6 में से 1 वोट इन्होंने चोरी किए। 5 तरीके से चोरी की गई। डुप्लीकेट वोटर मतलब एक वोटर ने कई बार वोट किया। एक वोटर ने 5-6 पोलिंग बूथ में वोट डाला।

इन लोगों का कोई एड्रेस भी नहीं है। करीब 40 हजार ऐसे वोट हैं। एक एड्रेस पर कई वोटर हैं। एक बेडरूम के घर में 40-50 वोटर दिखा दिए। जब हम उन्हें ढूंढने गए तो वहां कोई नहीं था। उस घर का मालिक बीजेपी नेता निकला।

कर्नाटक की सरकार पैसा देकर चोरी की गई थी। मेरे पास सबूत है कि लोकसभा में भी चोरी की गई। भाजपा की विचारधारा संविधान के खिलाफ है। कर्नाटक का डेटा निकालने में हमें 6 महीने लगे, 1 वोट को लाखों वोटर से चेक किया।

हर एक नाम को चेक किया, चुनाव आयोग का पूरा डेटा हमारे लिए सबूत है। हमें एक सीट की सच्चाई निकालने के लिए 6 महीने लगे, अगर ईसी ने डेटा नहीं दिया तो हम ये काम 20-25 सीटों पर भी कर सकते हैं। आप छिप नहीं सकते एक न एक दिन आपको विपक्ष का सामना करना पड़ेगा।

## यूपी के 24 जिलों में बाढ़, 1245 गांव पानी में

**बारिश से झारखंड में 431-हिमाचल में 202 लोगों की मौत; बिहार में 230 स्कूल बंद**



नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ समेत 10 शहरों में शुक्रवार को तेज बारिश जारी है। लखनऊ में लगातार बारिश का आज 7वां दिन है।

वाराणसी-बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद हैं। राज्य के 24 जिलों के 1245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक 360 मकान ढह चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश में 450 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे 305 और 5 शामिल हैं। राज्य में अब तक (20 जून से 7 अगस्त तक) बारिश की जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। झारखंड में यह आंकड़ा 431 है।

बिहार के मुंगेर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। यहां चंडिका स्थान मंदिर में 6 फीट पानी भरने के बाद उसे बंद किया गया। बेगूसराय में बाढ़ के कारण 118 स्कूल अगले आदेश तक बंद हैं। खगड़िया में 32 और वैशाली में भी 80 स्कूल बंद हैं।

मध्य प्रदेश में पिछले 7 दिन बारिश नहीं हुई है। इसके कारण दोपहर और रात का तापमान बढ़ा है। दिन का तापमान 34 तक पहुंचा। आज कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। राज्य में 28.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल बारिश का 77 प्रतिशत है।

### बिहार-तमिलनाडु समेत 9 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश में बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं, बिहार-तमिलनाडु समेत 9 राज्यों में ऑरेंज, एमपी-राजस्थान समेत 12 राज्यों में यलो अलर्ट है।

### हिमाचल में एनएच-5 पर हल्के वाहनों को जाने की अनुमति

हिमाचल प्रदेश में 450 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे 305 और 5 शामिल हैं। राज्य में अब तक (20 जून से 7 अगस्त तक) बारिश की जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। झारखंड में यह आंकड़ा 431 है।

### बलरामपुर में सरयू नहर में डॉल्फिन नजर आई

बलरामपुर में सरयू नहर में डॉल्फिन आ गई। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने डॉल्फिन को देखा। थोड़ी ही देर में वहां भीड़ जुट गई। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। लगभग एक घंटे बाद वन विभाग की टीम पहुंची और डॉल्फिन को रेस्क्यू किया। ग्रामीण विजय ने बताया-हमने कभी नहीं सोचा था कि अपने गांव के पास इस तरह की कोई जलजीव देखने को मिलेगा।

## बाराबंकी में 2 महिला अफसर, टीचर समेत 5 की मौत

**रोडवेज बस पर पेड़ गिरा, अंदर फंसी महिला बोली- हम मर रहे, आप वीडियो बना रहे**

**बाराबंकी।** यूपी के बाराबंकी में रोडवेज बस पर पेड़ गिर गया। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक टीचर और दो सहायक विकास अधिकारी समेत 4 महिलाएं और रोडवेज ड्राइवर शामिल हैं।

इनके अलावा एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। हादसे से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बस में फंसी एक महिला वीडियो बना रहे युवक पर भड़कती नजर आ रही है।

महिला ने कहा- हम मर रहे हैं और आप वीडियो बना रहे हैं। अगर आकर पेड़ की डाल हटवाने में मदद करते, तो हम लोग बाहर निकल आते।

60 लोगों से भरी बस बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही थी। शुक्रवार सुबह 11 बजे हरख चौराहे के पास बस के सामने एक जानवर आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बस पहले बिजली के पोल से टकराई, फिर पेड़ से जा भिड़ी। इसके बाद पेड़ बस के ऊपर गिर गया। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है।

हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर राहगीर और आसपास के लोग जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। बुलडोजर बुलाकर पेड़ हटवाया। करीब डेढ़ घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। बस में सवार यात्रियों को पुलिस ने दूसरी बस से भेजा। पेड़ इतना भारी था कि बस की पूरी छत पिचक गई।

**बांके बिहारी ट्रस्ट** | **यूपी सरकार ने मंदिर देखभाल के लिए बनाया था, केस हाईकोर्ट ट्रांसफर किया**

## सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थाई रोक

मथुरा। सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक लगा दी। शुक्रवार को कोर्ट ने कहा- बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 के तहत समिति के संचालन को सस्पेंड किया जा रहा है। कोर्ट ने अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ट्रांसफर किया है।

दरअसल, 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर के धन का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए और मंदिर के आसपास की 5 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने की अनुमति दी। शर्त यह थी कि अधिग्रहित भूमि ठाकुरजी के नाम पर पंजीकृत होगी।

इसके बाद 26 मई को यूपी सरकार ने अध्यादेश- 2025 जारी किया। इसमें मंदिर की देखभाल के लिए ट्रस्ट (न्यास) बनाने की व्यवस्था की गई। इसमें मंदिर का प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जिम्मेदारी श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास द्वारा संभाली जानी थी। इसमें 11 सदस्य मनोनीत होने थे, जबकि 7 सदस्य पदेन हो सकते हैं।

इसके खिलाफ 27 मई को देवेंद्र गोस्वामी, सोहन मिश्रा, रजत गोस्वामी और व्यापारियों की तरफ से 4 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थीं। एडवोकेट एनके गोस्वामी के मुताबिक, चौथी तारीख में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर फैसला नहीं ले लेता, तब तक समिति को स्थगित रखा जाएगा।

इस बीच, मंदिर की सुचारू व्यवस्था के लिए एक और समिति का गठन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश करेंगे। समिति में कुछ सरकारी अधिकारी और गोस्वामियों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे, जो मंदिर के पारंपरिक संरक्षक हैं।

इससे पहले 5 अगस्त को हुई सुनवाई में सरकार के वकील ने कहा- हमारी मंशा मंदिर कब्जाने और धन हड़पने की नहीं है। हमारा उद्देश्य है कि वहां बेहतर प्रबंधन कर भीड़ को मैनेज किया जाए। इस पर याचिकाकर्ताओं के वकील से सुझाव मांगे। कोर्ट ने सुनवाई आज यानी शुक्रवार के लिए टाल दी थी।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 09 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## वोटर लिस्ट में हेरफेर : लोकतंत्र को कमजोर करने का खेल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

लोकतंत्र किसी भी देश की आत्मा है, और इसकी सबसे पवित्र नींव है मतदाता सूची। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां हर वोट की अहमियत है, वोटर लिस्ट की शुद्धता और पारदर्शिता लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता का पहला स्तंभ है।
लेकिन जब इस सूची में हेरफेर की परतें खुलने लगती हैं, तो यह सिर्फ एक तकनीकी गड़बड़ी नहीं होती — यह लोकतंत्र की रीढ़ पर वार होता है।

### कैसे होती है हेरफेर?

हेरफेर के तरीके कई हैं —
• फर्जी मतदाताओं को जोड़ना — कई बार मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं और उनका वोट 'डाल' दिया जाता है।
• वैध मतदाताओं के नाम हटाना — 2018 के तेलंगाना विधानसभा चुनाव में लगभग 30 लाख मतदाता सूची से 'गायब' पाए गए।
• गलत पते और दोहराव — कुछ नाम एक ही व्यक्ति के लिए अलग-अलग बूथों पर दर्ज मिलते हैं, जिससे दोहरा मतदान संभव हो जाता है।
कभी यह प्रशासनिक लापरवाही होती है, तो कई बार यह सुनियोजित राजनीतिक रणनीति बन जाती है — विपक्षी समर्थकों के नाम हटाओ, अपने समर्थकों के नाम दोहराओ।

### इसके पीछे का मकसद

यह सिर्फ एक सीट जीतने का मामला नहीं — बल्कि लोकतांत्रिक खेल के नियम बदलने की साजिश है।
हेरफेर करने वालों को पता है कि अगर बूथ स्तर पर 200-300 वोट का संतुलन अपने पक्ष में कर लिया जाए, तो पूरे विधानसभा क्षेत्र का नतीजा बदला जा सकता है।
यह चुनाव नहीं, 'मैनेजमेंट' बन जाता है।

### नुकसान सिर्फ चुनाव का नहीं, भरोसे का भी

वोटर लिस्ट में हेरफेर जनता के विश्वास को तोड़ देता है।
• जब एक नागरिक पोलिंग बूथ पर जाकर देखता है कि उसका नाम सूची में ही नहीं है — वह खुद को लोकतंत्र से बाहर समझने लगता है।
• युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाता निराश होकर राजनीति से दूरी बनाने लगते हैं।
• हाशिये पर रहने वाले समुदायों के वोट सबसे पहले 'गायब' होते हैं, जिससे सामाजिक असमानता और गहराती है।
2019 लोकसभा चुनाव के दौरान, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में हजारों मतदाताओं ने सोशल मीडिया पर यह शिकायत दर्ज की कि उनके नाम बिना सूचना हटाए गए थे।

### राहुल गांधी का आरोप : 'वोट चोरी' का संगठित खेल

7 अगस्त 2025 को राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 'डेमोक्रेसी डिस्ट्रॉय' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।
उन्होंने कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि यहाँ 1,00,250 वोटर लिस्ट में हेरफेर हुआ। इसमें शामिल थे —
- 11,965 डुप्लिकेट वोटर
- 40,009 फर्जी या अमान्य पते
- 10,452 'बुल्क वोटर्स' (एक ही पते पर दर्ज दर्जनों वोटर)
- 4,132 अमान्य फोटो
- 33,692 फॉर्म 6 का दुरुपयोग (पहली बार वोट देने वालों के नाम संदिग्ध रूप से जोड़े गए)

राहुल का कहना था — 'अगर एक सीट में यह हाल है, तो देशभर में लोकतंत्र की हालत समझी जा सकती है।'

### चुनाव आयोग का जवाब

चुनाव आयोग (ECI) ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। आयोग ने राहुल गांधी से कहा कि वे अपने आरोपों को शपथ पत्र के साथ प्रमाणित करें, जैसा कि Registration of Electors Rules, 1960 के नियम 20(3)(b) में प्रावधान है।
कर्नाटक के CEO ने उनसे विस्तृत विवरण — नाम, पार्ट नंबर और सीरियल नंबर — देने को कहा।
उत्तर प्रदेश के CEO ने राहुल के आरोपों में आए दो नामों (Aditya Srivastava और Vishal Singh) को लेकर स्पष्ट किया कि वे केवल महादेवपुरा (बेंगलुरु) में पंजीकृत हैं, यूपी में नहीं।

### कानून और अदालत की राय

भारतीय कानून के तहत वोटर लिस्ट में जानबूझकर हेरफेर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951 के तहत अपराध है।
2013 में सुप्रीम कोर्ट ने People s Union for Civil Liberties बनाम Union of India केस में कहा था —
'मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र का मूल है। इसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ जनता के अधिकारों पर हमला है।'
इसके बावजूद, सजा के मामले बेहद कम हैं।

### निर्वाचन आयोग की पहल और चुनौतियाँ

ECI ने कई कदम उठाए हैं —
- आधार से लिंकिंग
- ऑनलाइन पंजीकरण और सुधार
- हर साल विशेष पुनरीक्षण अभियान

फिर भी, तकनीक और सख्ती के बावजूद, राजनीतिक दबाव और मानवीय हस्तक्षेप के कारण यह समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

### नागरिकों की जिम्मेदारी

- साल में कम से कम एक बार अपना नाम और विवरण जांचें।
- किसी भी गड़बड़ी की तुरंत शिकायत करें और रसीद लें।
- सोशल मीडिया और मोहल्ला स्तर पर जागरूकता फैलाएं।

### निष्कर्ष

लोकतंत्र सिर्फ वोट डालने का नाम नहीं, बल्कि सही मतदाता सूची से शुरू होता है।
अगर सूची ही गड़बड़ है, तो नतीजे चाहे जो हों, वे असली जनमत का प्रतिनिधित्व नहीं करते।
वोटर लिस्ट में हेरफेर लोकतंत्र पर सीधा हमला है — और इसे रोकना सिर्फ चुनाव आयोग नहीं, हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य है।

---

विश्व आदिवासी दिवस- 9 अगस्त 2025

## प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी

- ललित गर्ग -



विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवासियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। 'जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है'- यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरशः लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही 'वनवासी' कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज ऋण, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें 'पराया' बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत की कल्पना में अगर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का सूत्र वाक्य सार्थक करना है, तो आदिवासी पुनर्जागरण सबसे पहली शर्त है। इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रयी बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका सुखी परिवार अभियान केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन-ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें।

आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियाँ न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है।' वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता। उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुनः प्राप्त किया।

आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे।


आज की वैश्विक दुनिया 'लोकल टू ग्लोबल' की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाज़ार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े।

भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहाँ आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी। इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आज़ादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी। आज विश्व आदिवासी दिवस हमें इन भूलाए गए नायकों को स्मरण करने, उनका गौरव गान करने और नई पीढ़ी में उनकी प्रेरणा जगाने का अवसर देता है। विश्व आदिवासी दिवस एक प्रतीक दिवस है, परंतु नीति, नीयत और निष्ठा से इसका पालन आवश्यक है। केवल भाषण, घोषणाएं और योजनाओं से आदिवासी समाज नहीं बदलेगा। उन्हें सुनने, समझने और साथ चलने की आवश्यकता है। उनके जल, जंगल, जमीन के अधिकार की कानूनी एवं नैतिक सुरक्षा हो। उनकी भाषा, परंपरा और नृत्य-संगीत को संरक्षित किया जाए। शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसर स्थानीय सांस्कृतिक परिवेश में उपलब्ध कराए जाएं। आदिवासी नेतृत्व को राजनीतिक सशक्तिकरण मिले। नया भारत आदिवासी आत्मा के बिना अधूरा है क्योंकि भारत की आत्मा आदिवासियों की थापों में बसती है, उनके ढोल, मांदर, बांसुरी, उनके लोकगीत, उनके नृत्य और उनकी सरलता में। यदि हमें नया भारत बनाना है तो हमें आदिवासी समाज के साथ खड़ा होना होगा, उनके लिए नहीं, उनके साथ। गणि राजेन्द्र विजयजी जैसे संत इस दिशा में दीपशिखा बनकर मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। इस विश्व आदिवासी दिवस पर हम केवल स्मरण नहीं, संवेदना, संरक्षण और सहभागिता के साथ इस अद्वितीय समाज के साथ जुड़ें, यही होगा सच्चा राष्ट्रधर्म।

---


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3615



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:



### काकुरो - 3614 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मालकिन ने नई नौकरानी से पूछा- 'देखो ! मैं ज्यादा बातचीत नहीं करती. अगर मैं अंगुली से इशारा करूँ तो समझ लो कि मैं बुला रही हूँ.'
इस पर नौकरानी बोली-'जी ! मैं भी बहुत कम बोलना पसन्द करती हूँ. अगर मैं अपना सिर हिला दूं तो समझ जाइये कि मैं नहीं आ सकती.'

□ □ □

जेल की एक कोठरी में बैठे तीन कैदी बता रहे थे कि वे क्यों पकड़कर बन्द कर दिये गए ?
पहला-'मै चुनाव में राजनारायण के पास में काम कर रहा था !'
दूसरा-'और मैं राजनारायण के खिलाफ काम कर रहा था !'
तीसरा-'राजनारायण मैं खुद हूँ.'

□ □ □

प्रेमिका बोली, ''मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह न करूंगी जो झूठ बोलता हो.''
प्रेमी बोला, ''तब तो तुम सारा जीवन कुंवारी रहोगी.''

□ □ □

मंत्री जी ने अस्पताल के नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा-''भाइयों, ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एक अच्छी बात है. इतने बड़े अस्पताल में रोगियों के मनोरंजन के लिए उनका अपना थिएटर होना बहुत जरूरी है.''

## फिल्म वर्ग पहेली- 3615



**बायें से दायें:-**

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२. फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3614



## सूडोकु -3615

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3614 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## शब्द पहेली - 3615



**बाएँ से दाएँ**

1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2

### शब्द पहेली -3614 का हल



# कृषि यंत्रों हेतु कृषकों का चयन करने के लिए ई-लॉटरी हुई संपन्न

## ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से लाभार्थी कृषकों का पारदर्शी तरीके से किया गया चयन

**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आज सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना (दलहन/तिलहन) योजनान्तर्गत कृषकों द्वारा दिनांक 26.06.2025 से 12.07.2025 के मध्य बुक किए गए कृषि यंत्रों एवं फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्रों के लाभार्थियों के चयन हेतु ई-लाटरी का आयोजन किया गया। उक्त ई-लाटरी प्रक्रिया में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें पारदर्शिता के साथ विकास खण्डवार चयन किया गया।




जिलाधिकारी ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि चयनित लाभार्थियों को यथाशीघ्र यंत्र उपलब्ध कराए जाएं और पूरी प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर राजीव कुमार ने बताया कि विकास खण्ड बिसरख में सुपर सीडर यंत्र हेतु 03 कृषकों, विकास खण्ड दादरी में सुपर सीडर हेतु 04 कृषकों, एम0पी0 प्लाउ हेतु 03 कृषकों, चयन मिनी बेलिंग मशीन हेतु 01 कृषक, रोटावेटर हेतु 02 कृषकों, जीरो टिल कम फर्टीसीड ड्रिल हेतु 03 कृषकों एवं रीपर कंबाइनर हेतु 01 कृषक का चयन किया गया। इसी प्रकार विकास खण्ड जेवर में विभिन्न कृषि यंत्रों हेतु 31 कृषकों का चयन हुआ, जबकि दनकौर/जेवर विकास खण्ड में 11 कृषकों का चयन विभिन्न कृषि यंत्रों हेतु किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ यंत्रों के लिए एक-एक आवेदन ही प्राप्त हुआ था, जिनमें बिना लॉटरी के ही कृषकों का चयन कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि यह ई-लाटरी प्रक्रिया केवल एकल कृषि यंत्रों के लिए आयोजित की गई थी। कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा अवगत कराया गया है कि कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब कस्टम हायरिंग तथा कृषि ड्रोन हेतु ई-लाटरी की प्रक्रिया पृथक रूप से आयोजित की जाएगी, जिसकी सूचना पृथक से निर्गत की जाएगी।

# नोएडा में पुलिस और चोरों के बीच मुठभेड़

## एक बदमाश गोली लगने से घायल, दूसरा कॉम्बिंग में गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के सेक्टर 24 थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक बदमाश को गोली लगने से वह घायल हो गया। दूसरे बदमाश को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों रेकी करके चोरी और लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते थे।




7 अगस्त 2025 को थाना सेक्टर 24 नोएडा पुलिस ने गंदे नाले के पास सेक्टर 35 की तरफ जाने वाले रास्ते पर बैरियर लगाकर चेकिंग की। इस दौरान अंडरपास की तरफ से आ रही एक संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन कार सवार नहीं रुके और भागने लगे।

पुलिस ने पीछा किया तो अपने को घिरता देख बदमाशों ने कार से उतरकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इसमें एक बदमाश जुबैर पुत्र इदरीश को गोली लग गई। वह नई आबादी कस्बा व थाना दादरी, ग्रेटर नोएडा का रहने वाला है। फिलहाल वह ब्लॉक 67, जनता फ्लैट सेक्टर 122 थाना फेस-3 नोएडा में रहता है।

दूसरे फरार बदमाश मशील पुत्र नसीबुल को पुलिस टीम ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया। वह ग्राम हरवा चौक, थाना जौकीहार बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में वह भी ब्लॉक 67 जनता फ्लैट सेक्टर 122 थाना फेस-3 नोएडा में रहता है।

# प्लॉट बेचने के नाम पर 73 लाख रुपये हड़पे

### ग्रेटर नोएडा में रिश्तेदारों ने की वारदात, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक प्लॉट बेचने के नाम पर 73 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, दिल्ली के कालकाजी निवासी विनोद भाटिया और ओखला के सचिन लाल ने जेवर कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 2009 में उनके रिश्तेदार पिता-पुत्र अनिल भाटिया और करण भाटिया ने यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 20 में स्थित अपने प्लॉट को बेचने का प्रस्ताव रखा था।

पीड़ितों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनसे किश्तों में 73 लाख 26 हजार 469 रुपये प्राधिकरण के खाते में जमा करा लिए। शुरुआत में उन्होंने ढाई लाख रुपये नगद लिए थे। हालांकि, पैसे लेने के बाद भी आरोपियों ने प्लॉट की रजिस्ट्री पीड़ितों के नाम नहीं की।

जब पीड़ितों ने रजिस्ट्री के लिए कहा तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच और मारपीट की। उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया।

पीड़ितों की शिकायत पर कोर्ट ने पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पुलिस ने आरोपी अनिल भाटिया और करण भाटिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपी दिल्ली के लाजपत नगर के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का नोएडा में भव्य समापन

## स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी, भाषण, निबंध लेखन व वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई आयोजित







**गौतम बुद्ध नगर।** स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक घटना काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित शताब्दी महोत्सव का भव्य समापन आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सेक्टर-51 नोएडा होशियारपुर में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें छात्राओं ने देशभक्ति नारों की पट्टिकाएं और स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके उपरांत विद्यालय सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या दीपा भाटी, शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान ग्रेटर नोएडा से आए लोकगायक उदयवीर सिंह चौहान एवं पंडित शिवराम शर्मा ने देशभक्ति गीतों से वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में काकोरी ट्रेन एक्शन को स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणादायक घटना बताते हुए युवाओं को इतिहास से जुड़ने और देश के लिए योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाषण, निबंध लेखन, रंगोली एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा नाज़नीन प्रथम, कक्षा 11 की छात्रा दीपाली द्वितीय, नंदनी प्रजापति तृतीय तथा कक्षा 12 की छात्रा मनीषा को सांत्वना पुरस्कार मिला, जबकि निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा रश्मि प्रथम, खुशबू द्वितीय, नेहा तृतीय और कक्षा 10 की छात्रा रिया को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

समापन अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, पर्यटन अधिकारी एवं प्रधानाचार्या द्वारा वृक्षारोपण किया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह जनपद के विभिन्न विद्यालयों व विभिन्न स्थानों पर उत्साहपूर्वक मनाया गया।

# हाईवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, एक घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार रात मुठभेड़ के दौरान लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पकड़े गए बदमाशों की पहचान विपिन यादव (आगरा निवासी) और विवेक शर्मा (मध्य प्रदेश निवासी) के रूप में हुई है। विपिन को मुठभेड़ के दौरान गोली लगी है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 तमंचे, 6 कारतूस और एक कार बरामद की है।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों बदमाश दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते थे। विपिन पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे



आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

### डाक पार्सल बताकर राहगीरों को लिफ्ट देते थे

पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने खुलासा किया कि- वे एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को अपनी गाड़ी में बिठाते थे। खुद को डाक पार्सल या कूरियर कंपनी का कर्मचारी बताकर लोगों को फंसाते थे। फिर अधिकारियों की चेकिंग का बहाना बनाकर राहगीरों से पैसे और सोने के गहने लिफाफे में रखवा लेते थे। इसके बाद लिफाफे बदल देते थे। अगर कोई शक करता या विरोध करता तो तमंचा दिखाकर लूट लेते थे और एक्सप्रेसवे पर सुनसान जगह पर उतार देते थे।

दनकौर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान इन बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक पर हमला

**गौतम बुद्ध नगर।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ पुरानी रंजिश के कारण जमकर मारपीट की गई। घटना अंसल प्लाजा मॉल में हुई जहां सौरभ पुत्र इंद्रजीत निवासी मुहफाड नवादा थाना दनकौर किसी काम से आया था। वहां उसके विरोधी लक्ष्मण का बड़ा भाई मोहन पुत्र राजपाल अपने 2-3 साथियों के साथ मिला। दोनों पक्षों में विवाद हुआ जिसके बाद मोहन और उसके साथियों ने सौरभ के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए। हमले में सौरभ बुरी तरह घायल हो गया। उसकी हड्डी भी टूट गई है। फिलहाल वह गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलने पर नॉलेज पार्क पुलिस ने विरोधी पक्ष के लक्ष्मण को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सौरभ और लक्ष्मण के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। दोनों पक्ष पहले भी कई बार समझौता कर चुके हैं।

### ग्रेटर नोएडा-दनकौर मार्ग की हालत जर्जर

# गड्ढों में फंस रहे वाहन, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा जाने वाला ननुका का राजपुर मार्ग इन दिनों बेहद खराब हाल में है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन वाहन पलट रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। यह सड़क ग्रेटर नोएडा और दनकौर को जोड़ती है, इसलिए यहां से भारी वाहनों का भी लगातार आवागमन होता है। स्थानीय निवासी प्रदीप नागर, गोविंद नगर और दीपक ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

### ट्रैक्टर-ट्राली गड्ढे में फंसी

शुक्रवार को एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली सड़क पर बने गहरे गड्ढे में फंस गई। हादसे में ट्रैक्टर में सवार लोग तो



बच गए, लेकिन लंबे समय तक रास्ता जाम रहा। इस दौरान लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### कार्रवाई न होने से नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का विभाग के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। अब ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग करने का फैसला किया है।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों का धरना 11वें दिन भी जारी

### जेवर टोल प्लाजा पर अधिकारियों से हुई बैठक, कई समस्याओं का समाधान

एजेंसी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के गांव रौनीजा में किसानों का धरना शुक्रवार को 11वें दिन भी जारी रहा। सिब्बू मुखिया की अध्यक्षता और भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में यह धरना लगातार चल रहा है।

आज धरने से एक पांच सदस्यीय टीम ने जेवर टोल पर जाकर ट्रैक्टर-ट्राली की रुकावट के मुद्दे पर टोल मैनेजर जेके शर्मा और अनुज चौधरी से वार्ता की।

इस टीम में मास्टर श्यौराज, विनोद चौधरी, प्रमोद शर्मा, अरुण चौधरी और महेश चौधरी शामिल थे।

रविन्द्र अत्रि सहित अन्य पदाधिकारियों ने एक घंटे तक चली बैठक के दौरान सभी समस्याओं का निदान कराया। यमुना एक्सप्रेस-वे के टोल प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि आगे भी कोई समस्या पैदा नहीं होगी।

आज के धरने पर घनश्याम भाटी, धर्मपाल भाटी, नेत्रपाल सिंह शीले, हरियोम भाटी, महेंद्र सिंह, गज़ब सिंह, राजन सिंह, सुनिल भाटी, राहुल भाटी और शिवरी आदि मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में किसान एकता महासंघ का प्रदर्शन

## जेपी इंफ्राटेक के कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने समेत कई मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन

### उच्च अधिकारी ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों का उत्पीड़न करते हैं

**जेवर।** किसान एकता महासंघ के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में जेपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने पप्पू प्रधान के नेतृत्व में कंपनी के एजीएम निशांत मेजर को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीरज कसाना ने बताया कि कंपनी में कार्यरत स्थानीय कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कार्यस्थलों पर चेक पोस्टों की




व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी की सुविधा भी नहीं है। कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने में लापरवाही बरती जा रही है।

उच्च अधिकारी ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों का उत्पीड़न करते हैं। कर्मचारियों की हाजिरी काट दी जाती है। इससे कर्मचारियों में रोष है। संगठन ने इन समस्याओं के समाधान के लिए एजीएम निशांत मेजर को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो जेपी इंफ्राटेक के कार्यालय और फॉर्मूला वन रेसिंग ट्रैक पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। एजीएम ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बलजीत ठेकेदार, पप्पू प्रधान, रवि नागर, डॉ. जाफर खान, अमित नागर, अरविंद सेक्रेटरी, हरेंद्र कसाना, गिर्राज कसाना, संदीप कसाना, रज्जाक ठेकेदार, देवेंद्र कसाना, श्रीपाल कसाना और लक्ष्मण कसाना समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

# शार्ट न्यूज

## रेफ्रिजरेटर ठीक करते समय हादसा: करंट लगने से 21 वर्षीय मैकेनिक की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के गांव नंगला कंचन में एक दुखद घटना सामने आई है। गुरुवार रात को एक रेफ्रिजरेटर की मरम्मत करते समय बिजली के करंट की चपेट में आने से 21 वर्षीय मैकेनिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सागर के रूप में हुई है। वह किसान मुकेश कुमार का पुत्र था। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत का काम करता था। घटना गुरुवार रात की है जब सागर गांव में एक व्यक्ति के घर रेफ्रिजरेटर ठीक कर रहा था। मरम्मत के दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तुरंत उसे जेवर स्थित एक अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब इस दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## नोएडा में कूड़े से मिला सबूत: डीएफएम फूड्स पर 1.30 लाख का जुर्माना

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने ज्यू-3 की रोड के किनारे पड़े कूड़े से फेंकने वाले का सबूत निकालकर डीएफएम फूड्स पर 1.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक आरके भारती ने बताया कि स्वास्थ्य निरीक्षक नीरज सिंह अपनी टीम के साथ ज्यू-3 में सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। इस दौरान उन्हें रोड के किनारे कूड़े का ढेर मिला। टीम ने कूड़े में से एक पर्ची निकाली। इस पर्ची पर सेक्टर ईकोटेक-1 एक्सटेंशन स्थित डीएफएम फूड्स का नाम था। टीम ने इसका फोटो और वीडियो भी बनाया। इसके बाद टीम ने मौके पर जाकर जानकारी जुटाई। इससे स्पष्ट हो गया कि कूड़ा इसी कंपनी द्वारा फेंका गया था। स्वास्थ्य विभाग ने डीएफएम कंपनी पर 1.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी को दोबारा कूड़ा फेंकने पर और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## ग्रेटर नोएडा में किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। घटना शुक्रवार शाम की है जब बच्ची घर से थोड़ी दूर स्थित दुकान से चॉकलेट लेने गई थी। पीड़िता के पिता की शिकायत के अनुसार, वापस लौटते समय गांव के ही एक 16 वर्षीय किशोर ने साइकिल से टक्कर मारकर बच्ची को गिरा दिया। इसके बाद उसका मुंह दबाकर पास के एक खंडहर मकान में ले गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को देखते ही आरोपी किशोर दीवार फांदकर फरार हो गया। पीड़िता के परिवार ने पुलिस में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। रबूपुरा कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद है। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर घटना की जांच कर रही है।

## मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार रात मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश निवासी विवेक शर्मा और आगरा निवासी विपिन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों बदमाश नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में टप्पेमारी कर लूट की वारदातें करते थे। पुलिस ने दनकौर से दिल्ली तक 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद इन बदमाशों तक पहुंचने में सफलता पाई। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इन बदमाशों का एक विशेष तरीका था। तीन बदमाश एक कार में सवार होकर परी चौक के आसपास खड़े हो जाते थे। एक बदमाश सवारी बनकर कार में बैठा रहता था। अन्य दो बदमाश सवारी की तलाश करते थे। वे झांसे में लेकर राहगीरों को कार में बैठा लेते थे। कार में डाक पार्सल और बीपी कोरियर की पीली फाइल रखते थे। अधिकारियों की चेकिंग का बहाना बनाकर राहगीरों से पैसे और सोने के गहने लिफाफे में रखवाकर बदल लेते थे।

## सीआरपीएफ जवान पर पत्नी ने लगाया प्रताड़ना का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया केस

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने सीआरपीएफ में तैनात अपने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अलीगढ़ के गगभाना की रहने वाली रीता ने बताया कि लगभग 12 वर्ष पहले उसकी शादी जेवर कोतवाली के मेवला गोपालगढ़ गांव निवासी जितेंद्र से हुई थी। उसका पति सीआरपीएफ में तैनात है। रीता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता के अनुसार, 1 अगस्त को उसके पति ने उसके साथ जमकर मारपीट की। इस हमले में उसके शरीर पर चोट के निशान भी हैं। घटना के बाद पीड़िता ने अपने मायके वालों को फोन पर सूचना दी। मायके वाले मौके पर पहुंचे और उसे आरोपी के चंगुल से बचाया। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच करके आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के दो बच्चे भी हैं।

## एडवोकेट पर लोहे की रॉड से हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रोशनपुर गांव में एक एडवोकेट पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। पीड़ित वकील सचिन के अनुसार, सोमवार रात को वह ग्रामीणों के साथ ड्रोन कैमरे की दहशत के कारण गांव में पहरा दे रहे थे। इसी दौरान गांव के तीन व्यक्ति वहां आए और उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोपियों ने पूछा कि वह वहां क्यों खड़े हैं। जब सचिन ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने मिलकर लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित को दलित सूचक शब्द भी कहे। इस हमले में वकील के सिर पर गंभीर चोट आई है। वर्तमान में उनका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार शाम को तीन आरोपियों - जगत, नीरज और दिनेश के खिलाफ दलित एक्ट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## रक्षाबंधन पर जगह-जगह तैनात रहेगा पुलिस बल

**नोएडा।** जिले में आज रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा जाएगा। इसके लिए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों ने पहले से ही तैयारी कर ली है। तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों के अलावा अन्य स्थानों पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा डीसीपी महिला सुरक्षा के निर्देश पर सभी थानों में तैनात एंटी रोमियो टीम द्वारा भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और थाना-चौकी प्रभारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने के लिए भी कहा गया है।इससे पूर्व शहर के व्यस्त रहने वाले क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में विशेष रूप से पुलिसबल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे बाजार जहां महिलाएं अधिक आती हैं, वहां पर महिला पुलिसकर्मियों की संख्या अधिक रहेगी। बता दें कि शुक्रवार शाम नोएडा जोन के डीसीपी यमुना प्रसाद, एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला और एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने सेक्टर-39 और सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में पैदल गश्त किया। वहीं, सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बिसरख क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजार, चौराहों का पैदल गश्त करते हुए निरीक्षण किया। इसके साथ ही संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की तलाश के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों/व्यक्तियों को रोककर उनकी चेकिंग की गई।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
शनिवार 09 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# वर्षा और बाढ़ से प्रभावित गन्ना फसलों की समीक्षा के लिए गन्ना अधिकारियों का व्यापक भ्रमण

## गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश मिनिस्ती एस. (आईएएस) के निर्देशानुसार पीलीभीत में किसानों को वैज्ञानिक सलाह प्रदान करने के प्रयास तेज

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. (IAS) के निर्देशानुसार प्रदेश में हाल ही हुई भारी वर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित जनपदों में गन्ना फसलों की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए गन्ना अधिकारियों तथा वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों द्वारा व्यापक भ्रमण जारी है। जनपद पीलीभीत में भी गन्ना फसलों में जलभराव के कारण क्षति की संभावना को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने किसानों से संवाद स्थापित कर आवश्यक वैज्ञानिक सलाह देने का कार्य तेज कर दिया है। गन्ना आयुक्त ने पीलीभीत के गन्ना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वयं बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करें, जहां गन्ना फसलों को बचाने के लिए जल निकासी, रोग नियंत्रण एवं अन्य सावधानियों को लेकर किसानों को जागरूक करें।



### इसके तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुझाव किसानों को प्रदान किए जा रहे हैं

1. खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें ताकि गन्ने की जड़ों में सड़न न हो।
2. जिन क्षेत्रों में जलभराव अधिक समय से है, वहां गन्ने के चारों ओर नाली बनाकर जल निकासी करें।
3. जलभराव के कारण यदि गन्ने झुके हों तो उन्हें सीधा कर बाँधकर सहारा दें।
4. फसल में फफूंद रोगों के प्रकोप से बचाव हेतु कार्बेन्डाजिम या मैनकोजेब जैसे फफूंदनाशी का छिड़काव करें।
5. जिन खेतों में गन्ना पूरी तरह नष्ट हो गया है, वहां वैकल्पिक फसलों की योजना बनाएं।




पीलीभीत जनपद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक और चीनी मिल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर किसानों को फसल संरक्षण संबंधी जागरूकता दे रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि यदि कहीं कोई विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तुरंत जनपद के कंट्रोल रूम को दी जाए।

### किसान गन्ना फसल से जुड़ी समस्याओं के लिए नीचे दिए गए सी यू जी नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं

किसान सूचना नंबर : 7081202230
बीसलपुर समिति : 7081202327
पीलीभीत / मझोला समिति : 7081202337
पूरनपुर समिति : 7081202508
ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत : 7081202507
बरखेड़ा : 7081202511
मझोला : 7081202510
पूरनपुर : 7081202808
बीसलपुर : 7081202509

गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने यह भी निर्देश दिया है कि किसानों को जागरूक करने हेतु गांव-स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएं तथा फसल की स्थिति एवं नुकसान से संबंधित रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्यालय को भेजी जाए।

इस गंभीर परिस्थिति में जिला प्रशासन एवं गन्ना विभाग की ओर से किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है ताकि फसल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में संभावित नुकसानों को कम किया जा सके।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर भव्य समारोह, शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया


**पीलीभीत।** स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों द्वारा ब्रिटिश शासन को कड़ा संदेश देने वाले काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर जिले में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम का लखनऊ से सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान भी किया गया।

ड्रमण्ड राजकीय इंटर कालेज से श्री दामोदर दास पार्क तक तिरंगा रैली निकाली गई। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में आर्य कन्या इंटर कालेज समेत विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



छात्र-छात्राओं ने काकोरी ट्रेन एक्शन से संबंधित नारों की तख्तियां लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। रैली सुनगढ़ी होते हुए शहीद दामोदर दास पार्क पहुंची, जहां जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्र-छात्राओं को काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। सभी अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जिलाधिकारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें जो आजादी मिली है, वह काकोरी के शहीदों और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का नतीजा है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए देश की प्रगति के लिए काम करना चाहिए। तिरंगा रैली के बाद गांधी सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में भाषण, निबंध, सुलेख और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का फूलमालाओं से स्वागत किया। उन्हें शाल ओढ़ाकर और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के साथ-साथ युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने मंदबुद्धि युवक को चोर समझकर पीटा, खंभे से बांध दी यातनाएं, थाना प्रभारी निलंबित



**पीलीभीत।** थाना गजरौला बिठौरा कला गांव में बीती रात मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। महज़ शक के आधार पर ग्रामीणों ने 32 वर्षीय मंदबुद्धि युवक राजू को चोर समझकर खंभे से बांध दिया और बेरहमी से पीट डाला। घायल अवस्था में उसे डायल-112 पुलिस के हवाले किया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गुरुवार रात करीब 2 बजे राजू को गांव में घूमते देख कुछ लोगों ने शोर मचाया और चोर होने का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। युवक बार-बार अपनी बेगुनाही की गुहार लगाता रहा, लेकिन भीड़ ने एक न सुनी। बताया जा रहा है कि वह थाना जहानाबाद के गांव दलेलगंज का निवासी है और मानसिक रूप से बीमार है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने बताया कि जांच में युवक की मानसिक बीमारी की पुष्टि हुई और उसे सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया गया। मामले में शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।लापरवाही के आरोप में गजरौला थाना प्रभारी जगदीप मलिक को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि भीड़ द्वारा किसी को बिना पुष्टि के सज़ा देना कानूनन अपराध है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एसपी ने पुलिस बल के साथ जाखलौन थाना क्षेत्र का किया भ्रमण

## रक्षा बंधन को लेकर सुरक्षा का जायजा लेने निकले एसपी



**ललितपुर ।** जाखलौन,पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रक्षाबन्धन त्यौहार के दृष्टिगत थाना जाखलौन क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजार आदि जगहों पर सुरक्षा -व्यवस्था का जायजा लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को चैक कर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये ।व्यापारी,जनप्रतिनिधियों व आमजन मानस से संवाद कर ,त्यौहार में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु उन्हें सुरक्षा-व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया तथा निर्देशित किया गया ।

# जनपद भर में अपनी अलग ही पहचान बने हुए हैं नितिन भावना कौशिक

## 'कौशिक्स विजडम प्रीस्कूल' की स्थापना कर शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ाया महत्वपूर्ण कदम

**पीलीभीत।** दो दशकों से अधिक अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित शिक्षाविद दंपत्ति नितिन कौशिक एवं भावना कौशिक ने प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल करते हुए 'कौशिक्स विजडम प्रीस्कूल' की स्थापना की है। इस प्रीस्कूल का भव्य उद्घाटन 2 फरवरी 2025 को गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार एवं उपजिलाधिकारी रितु पुनिया की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर शहर के सैंकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे जिन्होंने इस पहल को क्षेत्र की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।भावना कौशिक, जिन्होंने एमएससी केमिस्ट्री, एमए इंग्लिश और बीएड की पढ़ाई की है, वर्ष 2004 से शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने बेन हर गुरुकुल में प्रधानाचार्या के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं नितिन कौशिक, एमएससी मैथ्स और बीएड डिग्रीधारी,





कई वर्षों से शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यों में संलग्न हैं। वे कई प्रमुख स्कूलों के शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीक और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रशिक्षण देते रहे हैं।

'कौशिक्स विजडम प्रीस्कूल' पीलीभीत के कोतवाली क्षेत्र के धुनों वाला चौराहा मार्ग पर स्थित है, जो पूर्णतः वातानुकूलित है। यहां बच्चों को प्ले ग्रुप से लेकर केजी तक चार स्तरों में शिक्षा दी जाती है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है।

इसमें खेल-कूद, रचनात्मक गतिविधियां, कहानी सुनाना, संगीत एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का समावेश है ताकि बच्चों में आत्मनिर्भरता और संवाद कौशल का विकास हो सके।

विद्यालय की देखरेख भावना कौशिक प्रधानाचार्या एवं नितिन कौशिक प्रबंध निदेशक के रूप में कर रहे हैं। नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो चुका है।

अभिभावक अधिक जानकारी एवं प्रवेश हेतु +91 75052 64243 पर संपर्क कर सकते हैं। कौशिक दंपत्ति की प्रमुख उपलब्धियों में राष्ट्रीय-आंतरराष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार, सीबीएससी ट्रेनर के रूप में कार्य और आधुनिक शिक्षण विधियों पर शिक्षक प्रशिक्षण शामिल हैं। इस पहल से पीलीभीत में शिक्षा के क्षेत्र में नयी क्रांति की उम्मीद की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## राजकुमार तिवारी उर्फ 'गुड्डू' बने जिला अध्यक्ष

विशाल इंडिया पूनम तिवारी



**अंबेडकर नगर।** उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक संगठन की बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना के आदेश अनुसार उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक संगठन की प्रांतीय कार्य समिति का विस्तार करते हुए जनपद अंबेडकर नगर के जिला ऑर्गेनाइजर( जिला अध्यक्ष )के पद पर राजकुमार तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी का मनोनयन हुआ है। प्रांतीय अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना तथा महामंत्री विकास नारायण सक्सेना ने बताया कि संगठन की तरफ से हम सभी लोग उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। प्रांतीय संरक्षक राजपाल मौर्य संजय कुमार गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार प्रांतीय मंत्री महेंद्र सिंह शाक्य, प्रांतीय कोषाध्यक्ष लखन सिंह बघेल,लेखा परीक्षक संजय कुमार आदि ने उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की है।

## जल निकासी के लिए गरजा बुलडोजर

### एसडीएम ने बुलडोजर चलवा कर कराई जल निकासी

विशाल इंडिया पूनम तिवारी



**अंबेडकर नगर।** महरुआ थाना क्षेत्र के नारायन पुर घाट के पास बद्री प्रसाद सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के समीप नारायन पुर रामबाबा रोड पर घुटने तक जल भराव हो गया था ।सरकारी पुलिया तोड़ दी गई थी ।उसे पाट दिया गया था,और जल निकासी के रस्ते पर घर बना लिया गया था,उक्त सड़क पर आवागमन खूब रहता है,दर्जनों विद्यालयों के छात्र छात्राओं का राहगीरों का आवागमन रहता है ।बीते वर्ष नायब तहसीलदार उमेश यादव और महरुआ पुलिस फोर्स के द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया थाऔर पानी खुलवाया था ।लेकिन फिर से मन बढ़ई करते हुए जलभराव कर दिया गया था ,लगातार वारिश की वजह से पानी बढ़ रहा था। स्थिति को देखते हुए इसकी सूचना एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह को दी गई जिसे तत्काल प्रभाव से मामले की संवेदन शीलता को देखते हुए एसडीएम के द्वारा मौके पर पहुंचकर बुलडोजर द्वारा जल भराव को समाप्त कराया गया तथा संबंधित को कड़ी चेतावनी दी गई। एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आगे ऐसी स्थिति होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सीडेंट के अभियोग में अभियुक्त को करायी सजा

**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था ।इसी क्रम में अभियुक्त रामकिशोर पुत्र रघुनाथ सिंह ठाकुर नि0 ग्राम तिसगना थाना मड़ावरा जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना मड़ावरा पर मु0अ0सं0 377/2012 धारा 279/337/304ए आईपीसी का अभियोग पंजीकृत हुआ था ।जिसमें वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त रामकिशोर उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था ।

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**ललितपुर।** पाली पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालूसिंह एवं क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे रोकथाम अपराध नियंत्रण हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना पाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 109/2025 धारा 74/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट. में वाछिंत अभियुक्त महेन्द्र पुत्र दयालू अहिरवार निवासी मो0पण्डयाना कस्वा व थाना पाली ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम विनोद कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक उ.नि. देवेन्द्र सिंह उ.नि. आदेश कुमार का. सुदर्शन पाठक का. गोलू का. राजेश कुमार आदि शामिल रहे।

## खाद मिलने के बाद किसान की मौत

**बलरामपुर।** बलरामपुर में एक किसान की खाद की बोरी मिलने के बाद मौत हो गई। किसान बोरी लेकर जैसे ही दुकान से निकला, उसको चक्कर आ गया। वो जमीन पर बैठ गया। कुछ देर बाद बेहोश हो गया। साथ आए लोग उसे अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। परिजनों के अनुसार, किसान सुबह अपने घर से खाद लेने निकला था। 6 बजे से वो लाइन में लगकर खाद मिलने का इंतजार कर रहा था। उसने कुछ खाया भी नहीं था। वह लाइन में लगा हुआ था, सुबह करीब 9 बजे उसे खाद की एक बोरी मिली थी। ये मामला श्री दत्तगंज बाजार स्थित एग्रीकल्चर जंक्शन की दुकान की है। बुजुर्ग किसान का नाम सफीउर्रहमान (70) था। वह ग्राम पंचायत संझवल प्रेमनगर के रहने वाले थे। जिस लाइन में सफीउर्रहमान खड़े हुए थे, उसमें करीब 100 लोग और खड़े हुए थे। प्रत्यक्षदर्शी और मृतक के रिश्ते में चाचा सिराजुद्दीन ने बताया, सफीउर्रहमान मेरे साथ ही खाद लेने दुकान पर गए थे। उनका आधार कार्ड सुबह ही जमा हो गया था। 9 बजे के करीब उनको बुलाया गया।

# एसपी मो0 मुश्ताक व जवानों ने छात्राओं और स्वयं सहायता समूहों से बंधवाई राखियां

**ललितपुर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम व रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने पुलिस प्रशासन स्नेह, भाईचारे और सुरक्षा के संकल्प के साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं, बहनों से राखी बंधवाई। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बड़े स्नेह और उत्साह से तैयार की गईं राखियां पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस के जांबाज जवानों को बांधी गई। इसके साथ ही छात्राओं ने जनपद के पुलिस कर्मियों के लिए सप्रेम 1172 राखियां और आभार पत्र तैयार किये, जिन्हें डाकपत्र के बॉक्स में रखकर जनपद के पुलिस थानो और चौकियों में भेजा गया। इनमें राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने 200, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तालबेहट की छात्राओं ने 200, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज



महरौनी की छात्राओं ने 200, राजकीय इण्टर कॉलेज बार से 200, राजकीय इण्टर कॉलेज जखौरा से 200, राजकीय हाईस्कूल दावनी से 22, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने 100 तथा श्री दिगम्बर जैनप सुधा सागर कन्या इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं के 50 राखियां/आभार पत्र शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है, बहनों द्वारा अपने रक्षकों के रुप में पुलिस कर्मियों को राखी बांधना आपसी विश्वास, सम्मान और सहयोग तथा स्नेहकर्ता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस हर समय जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पुलिस के जवानों को भी राखी बांधकर पुलिस बल के मनोबल को और सशक्त किया तथा मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन के पावन पर्व की मिठास को साझा किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कुशीनगर में तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भालुही गांव में शुक्रवार को एक संदिग्ध घटना सामने आई। गांव के 50 वर्षीय राजू चौधरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। राजू चौधरी सुबह से ही घर से बाहर गए थे। दोपहर तक जब वह वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान घर के पास स्थित तालाब में उनका कुछ सामान मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में जाल डालकर खोजबीन की। कुछ देर की मशक्कत के बाद उनका शव तालाब से बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही कप्तानगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की।

# एसपी ने ली परेड की सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

## प्रशिक्षु आरक्षियों को परेड की बारीकियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी । इसके उपरांत परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया । रिक्रूट आरक्षियों की परेड जैसे- खड़े होने, सावधान,विश्राम, मार्च करने के सही तरीके, टर्न-आउट, एकसाथ टोली में फॉल-इन होना आदि के विषय में निरीक्षण कर प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी, कैन्टीन, सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई व उचित



रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान एसपी द्वारा मेस का निरीक्षण किया गया ।

मेस में साफ-सफाई रखने, खाने की उच्च गुणवत्ता रखने व मौसमी सब्जियां इस्तेमाल करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।यू0पी0-112 के वाहनों को चेक किया गया तथा उसमें कार्यरत अधि0/कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर , पीडित की हरसंभव मदद करें तथा पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें ।आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान अधि0/कर्म0गण के द्वारा प्रेषित किये गये प्रशिक्षण रजिस्टर, रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । परेड में शामिल पुलिस अधि0/कर्म0गण से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स, सुनील कुमार व प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

# 1. करोड़ 71 लाख की धोखा धडी करने वाले वांछित क्रेडित मैनेजर सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने बजाज फाइनेनस कम्पनी लिमिटेड व आम नागरिकों के साथ षड्यन्त्र-पूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 1 करोड़ 71 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले वांछित क्रेडित मैनेजर सहित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एंव क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में अपराध एव अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 881/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण महेन्द्र बरार पुत्र प्रेमलाल उम्र करीब 35 वर्ष नि0 नेहरूनगर थाना कोतवाली ललितपुर नवनीत पुत्र यादवेन्द्र सिंह उम्र करीब 27 वर्ष नि0 पटेल नगर , उरई जनपद जालौन को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया गया। वादी मुकदमा संदीप सिंह सोलंकी पुत्र लक्ष्मन सिंह सोलंकी उम्र करीब 29 वर्ष असिस्टेन्ट मैनेजर रिस्क बजाज फाइनेन्स लिमिटेड झोखन बाग इलाइट चौराहा जनपद झांसी द्वारा अभियुक्तगण महेन्द्र बरार, नवनीत आदि 07 द्वारा धोखाधड़ी करके षणयन्त्रपूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बजाज कम्पनी को करीब 1,71,01,703/- रुपये की क्षति पहुचाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी ।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
शनिवार 09 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# अमेरिका 32.5 करोड़ डॉलर की रूसी सुपरयाट अमाडिया की कर रहा नीलामी



**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका एक बहुत ही महंगी लग्जरी सुपरयाट अमाडिया की नीलामी कर रहा है, जिसकी कीमत 32.5 करोड़ डॉलर है। यह सुपरयाट रूस की है। अमेरिका ने इसे यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद जब्त कर लिया था। यह पहली रूसी सुपरयाट है, जिसे अमेरिका अब बेच रहा है।

यह नीलामी 10 सितंबर तक चलेगी। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर युद्ध समाप्त करने का दबाव बना रहे हैं। अमेरिका ने कहा है कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर रूस के अमीर लोगों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, जिनमें से कुछ राष्ट्रपति पुतिन के करीबी हैं और उनकी सुपरयाट जब्त कर ली गई हैं। अमेरिका चाहता है कि वे पुतिन को युद्ध रोकने के लिए मजबूर करें।

348 फीट लंबी याट में आठ राजकीय कक्ष

रूसी सुपरयाट अमाडिया को अमेरिका ने तीन साल पहले जब्त किया था। यह याट वर्तमान में सैन डिएगो में खड़ी है, जो 348 फीट लंबी है। इस याट का निर्माण जर्मन कंपनी लुर्सेन ने 2017 में विशेष रूप से किया था। इस सुपरयाट को फ्रांस्वा जुरेट्टी ने डिजाइन किया था। इसका अंदर का हिस्सा संगमरमर का है। इस याट में आठ राजकीय कक्ष, एक ब्यूटी सैलून, एक स्पा, एक जिम, एक हेलीपैड, एक स्वीमिंग पूल और एक लिफ्ट है। इसमें 16 मेहमानों और 36 चालक दल के सदस्यों के रहने की व्यस्था है।

**याट का असली मालिक कौन?:** अमेरिका द्वारा जब्त की गई अमाडिया का असली मालिक कौन है, यह अभी साफ नहीं है। यह केमैन द्वीप में स्थित मिलमारिन इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम पर रजिस्टर्ड है। अमेरिका का कहना है कि याट के असली मालिक अर्थशास्त्री और पूर्व रूसी राजनेता सुलेमान केरीमोव हैं, जिन पर 2018 से अमेरिकी प्रतिबंध लगे हैं। लेकिन सरकारी नियंत्रण वाली रूसी तेल और गैस कंपनी रोसनेफ्ट के पूर्व अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एडुआर्ड खुदैनाटोव इस याट के मालिक होने का दावा कर रहे हैं।

**याट की जब्ती के खिलाफ कोर्ट में अपील कर रहे खुदैनाटोवत्न** अमेरिकी अभियोजकों का कहना है कि खुदैनाटोव इस याट के एक छद्म मालिक हैं, जिनका उद्देश्य याट के असली मालिक केरीमोव को छिपाना है। खुदैनाटोव इस याट की जब्ती के खिलाफ कोर्ट में अपील कर रहे हैं। उनके वकील एडम फोर्ड का कहना है कि याट की नीलामी गलत है और इसका कानूनी रूप से विरोध किया जाएगा।

## तकनीकी गड़बड़ी के चलते यूनाइटेड एयरलाइन्स ने अचानक से रोकीं कई उड़ानें

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका की प्रमुख एयरलाइन यूनाइटेड एयरलाइन्स की कई उड़ानों को बुधवार को अचानक रोक दिया गया, जिससे हजारों यात्रियों को देरी और असुविधा का सामना करना पड़ा। कंपनी ने बताया कि यह कदम एक तकनीकी गड़बड़ी के कारण उठाया गया है। इस मामले में यूनाइटेड एयरलाइन्स ने बयान जारी कर बताया कि तकनीकी समस्या की वजह से हमने अपनी मुख्य उड़ानों को उनके डिपार्चर एयरपोर्ट पर रोक दिया है। हमें उम्मीद है कि शाम को और भी उड़ानों में देरी हो सकती है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**एफएए ने भी जारी किए आदेश:** अमेरिका की उड़ानों को नियंत्रित करने वाली संस्था संघीय विमानन प्राधिकरण (एफएए) ने भी यूनाइटेड की उड़ानों पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। यह रोक डेनवर, न्यूआर्क, ह्यूस्टन और शिकागो जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर लागू की गई है। बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब अमेरिका की एविएशन सेवाओं में दिक्कत आई हो। अलास्का एयरलाइंस की तकनीकी गड़बड़ी के कारण उसकी फ्लाइट्स घंटों रुकी रहीं। इस साल कई बार नेवार्क एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम फेल हो चुका है। जनवरी में वॉशिंगटन के पास एक यात्री विमान और मिलिट्री हेलिकॉप्टर की टक्कर में दर्जनों लोगों की जान चली गई थी।



## संक्षिप्त समाचार

### पाक सेना को लगातार निशाना बना रहे बलूच विद्रोही

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बलूच विद्रोहियों ने मंगलवार रात आइइडी हमले में एक मेजर समेत तीन पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर दी। तीन अन्य सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले में मारे गए सैनिकों की हुई पहचान घटना स्थानीय समयानुसार रात लगभग 8ः00 बजे हुई। एक बुलेटप्रूफ सैन्य वाहन पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हमला किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की पहचान मेजर रिजवान, नायब सूबेदार अमीन और लांस नायक यूनिस के रूप में हुई है। पाकिस्तानी सेना ने अभी नहीं दी कोई प्रतिक्रिया बीएलए प्रवक्ता जीयंद बलूच ने कहा कि समूह ने इलाके में एक खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान चलाया गया। मेजर रिजवान के काफिले को निशाना बनाने के लिए रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित आईईडी का इस्तेमाल किया गया था। पाकिस्तानी सेना ने अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की है। जुलाई के मध्य से अब तक कई हमले हुए द बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, जुलाई के मध्य से अलग-अलग घटनाओं में मेजर रैंक के चार सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को लगातार निशाना बनाना इस बात का संकेत है कि बलूच विद्रोही ने संचालनात्मक और खुफिया क्षमताएं बढ़ा ली हैं। हमलों का उद्देश्य पाकिस्तानी सेना पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना है।

### आयरलैंड के वाटरफोर्ड में 6 साल की भारतीय मूल की बच्ची पर हमला

**डबलिन, एजेंसी।** आयरलैंड के वाटरफोर्ड में भारतीय मूल की छह साल की बच्ची पर लड़कों ने बेरहमी से हमला किया। हमलावरों ने चिल्लाते हुए कहा, भारत वापस जाओ। बच्ची के निजी अंग पर भी वार किया। आयरलैंड में भारतीय मूल की किसी बच्ची पर यह पहला नस्लभेदी हमला है। हालांकि, देश में पहले अन्य भारतीयों के खिलाफ ऐसे हमले हो चुके हैं। बच्ची सोमवार शाम घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रही थी, तभी हमला हुआ। मां ने बताया कि हमलावरों में आठ साल की लड़की और 12-14 साल के लड़के थे। डबलिन स्थित समाचार एजेंसी द आयरिश मिरर को मां ने बताया कि मैंने उससे कहा था कि मैं बच्ची को दूध पिलाने के बाद वापस आ जाऊंगी, लेकिन बेटी एक मिनट बाद ही परेशान होकर घर आ गई। वह बहुत अधिक डरी थी। रो रही थी और बोल भी नहीं पा रही थी। आयरिश मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, उसकी सहेली ने उसकी मां को बताया कि उनसे बड़ी उम्र के लड़कों ने उसके निजी अंगों पर साइकिल से वार किया और उनमें से पांच ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे। उन्होंने कहा, गंदे भारतीय, भारत वापस जाओ। उसके बाल भी मरोड़े। महिला आठ साल से आयरलैंड में रह रही है। वह नर्स है। हाल में आयरिश नागरिक बनी है।

### पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में इंटरनेट बंद किया, सुरक्षा कारणों का हवाला दिया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दी हैं। पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी के आदेश पर यह कदम उठाया गया है। इसके पीछ सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। यह जानकारी द बलूचिस्तान पोस्ट ने दी है। इंटरनेट बंद होने का असर लाखों लोगों पर पड़ा है। पढ़ाई, ऑनलाइन काम, कारोबार और सोशल मीडिया तक पहुंच पूरी तरह ठप हो गई है। खासकर छात्र और इंटरनेट से कमाई करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। हालांकि रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह फैसला संभावित सुरक्षा खतरे के चलते लिया गया है। लेकिन सरकार ने अब तक इन खतरों के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि इंटरनेट सेवाएं कब तक बहाल होंगी। बलूचिस्तान सरकार पहले ही सार्वजनिक सभाओं पर पाबंदी लगा चुकी है। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' के मुताबिक, राज्य के गृह विभाग ने 1 अगस्त से 15 दिनों के लिए धारा 144 लागू कर दी है। इसके तहत चार या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक है।

## रूस-अमेरिका परमाणु संतुलन पर खतरा! परमाणु संधियां टूटीं और भरोसा टूटा, अंतिम कड़ी 'न्यू स्टार्ट' भी तोड़ रही दम

**वाशिंगटन, एजेंसी।** कभी परमाणु हथियारों की दौड़ पर नियंत्रण के लिए अमेरिका और सोवियत संघ (अब रूस) के बीच कई ऐतिहासिक संधियाँ हुईं, लेकिन अब वे लगभग समाप्त हो चुकी हैं। वर्तमान में 'न्यू स्टार्ट' इकलौती संधि है जो दोनों देशों के बीच परमाणु हथियार नियंत्रण को लेकर बची है, और वह भी 2026 में समाप्त होने वाली है।1987 में की गई इंटरमीडिएट रेंज न्यूक्लियर फोर्सेज (द्ढ़ह्स्न संधि, जो 500 से 5,500 किमी तक की परमाणु मिसाइलों पर रोक लगाती थी, पहले अमेरिका (2019) और फिर अब रूस द्वारा छोड़ दी गई है। अमेरिका ने रूस पर संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया था, वहीं रूस ने इसे नकारा और अब औपचारिक रूप से इससे बाहर निकल चुका है।

'न्यू स्टार्ट' संधि जिस पर 2010 में हस्ताक्षर हुए थे, केवल 2026 तक लागू है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने इस संधि में अपनी भागीदारी ÷स्थगित÷ कर दी है, जिससे निरीक्षण प्रक्रिया बाधित हो गई है। हालांकि, रूस का कहना है कि वह अब भी निर्धारित सीमाओं का पालन करेगा।विशेषज्ञों का मानना है कि अब अमेरिका-रूस के बीच कोई नई परमाणु संधि जल्द होती नहीं दिखती, क्योंकि आपसी विश्वास पूरी तरह खत्म हो चुका है। अमेरिका अब अपने रणनीतिक ध्यान को चीन और ईरान जैसे अन्य देशों की ओर मोड़ रहा है। अमेरिका यह भी मानता है कि पूर्ववर्ती परमाणु संधियाँ जैसे द्ढ़ह्स्न, चीन जैसी शक्तियों को शामिल नहीं करतीं, जबकि आज के परिप्रेक्ष्य में चीन एक प्रमुख परमाणु शक्ति बन चुका है। इससे नई हथियार दौड़ की संभावना और बढ़ गई है।

# दबाव के आगे झुका रूस? वाइट हाउस का दावा, जंग खत्म करने के लिए ट्रंप से मिलना चाहते हैं पुतिन

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।**
रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की वजह से वैश्विक राजनीति में लगातार उथल-पुथल मची हुई है। बुधवार को वाइट हाउस की तरफ से दावा किया कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने युद्ध को खत्म करवाने के लिए जल्द से जल्द अपने अमेरिकी समकक्ष से मिलने की इच्छा जताई है। अमेरिका भी इस मुलाकात के लिए पहले से ही तैयार है। ऐसे में इन दोनों राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात जल्द ही हो सकती है। यह बयान उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है, जिनमें कहा जा रहा था कि ट्रंप अगले हफ्ते ही अपने रूसी और यूक्रेनी समकक्ष से मिल सकते हैं। उनकी इस मुलाकात में एक नए सिरे से युद्ध को खत्म करने की शुरुआत होगी।

इन तीनों राष्ट्र प्रमुखों की अगली मुलाकात के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब वाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लैविट ने दिया। उन्होंने कहा,रूसियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने की इच्छा जताई है... और राष्ट्रपति ट्रंप पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मिलने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा एएफपी ने एक वरिष्ठ यूक्रेनी सूत्र के हवाले से कहा है अमेरिकी दूत विटकॉफ की मॉस्को यात्रा के बाद ट्रंप की जेलेंस्की से फोन पर बात हुई। इस बातचीत में दोनों नेताओं के अलावा नाटो प्रमुख, ब्रिटेन, जर्मनी और फिनलैंड के नेता शामिल थे। इस फोन कॉल के दौरान तीनों नेताओं की जल्द से जल्द मुलाकात की संभावना पर भी चर्चा की गई।



इससे अलग न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस जंग को खत्म करने की एक और कोशिश करने के लिए ट्रंप इस हफ्ते के आखिर तक राष्ट्रपति पुतिन से मिलने और इसके ठीक बाद वह दोनों नेताओं से एक साथ मिलने की योजना बना रहे हैं। हालांकि अभी तक यूक्रेनी या नाटो अधिकारियों ने इस मीटिंग की पुष्टि नहीं की है।

गौरतलब है कि तीनों नेताओं के बीच यह मुलाकात के कयास अमेरिकी दूत विटकॉफ की मॉस्को यात्रा के बाद से लगाए जा रहे हैं। बुधवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूत विटकॉफ और पुतिन के बीच हुई इस बातचीत को बेहतर बताया था। आपको बता दें कि ट्रंप और पुतिन के बीच होने वाली यह मुलाकात भारत के लिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि कल ही राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के ऊपर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इस बढ़े हुए टैरिफ की वजह से अब अमेरिका पहुंचने वाली भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50 फीसदी तक पहुंच गया है।

# पाक आर्मी चीफ मुनीर इस हफ्ते अमेरिका जाएंगे- दो महीने में दूसरा वॉशिंगटन दौरा; राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात संभव

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वह सेंट्रल कमांड के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया था। साथ ही ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है।

पाकिस्तान ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला को देश के सबसे बड़े सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा है। यह सम्मान पिछले महीने इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दिया गया। जनरल कुरिल्ला को यह सम्मान क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने और पाकिस्तान-अमेरिका सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी और सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकातें कीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सम्मान के जरिए पाकिस्तान, अमेरिका के लिए अपनी वफादारी जाहिर कर रहा है।



क्रिप्टो बिजनेस की कमान संभालेंगे आर्मी चीफ मुनीर आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर संभालेंगे। ट्रम्प ने मुनीर के साथ डिनर डिप्लोमेसी के तहत क्रिप्टो डील को फाइनल की है। पाक क्रिप्टो काउंसिल ने पाकिस्तान के 17,000 करोड़ रुपए के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है। पाक सरकार ने क्रिप्टो बिजनेस के अनुकूल नीतियों में बदलाव भी शुरू कर दिए हैं। भारत से संघर्ष के बाद आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर को पिछले मई में प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च पद है। मुनीर का ये प्रमोशन भारत के खिलाफ ऑपरेशन बुनयान-उम-मार्सूस के दौरान आर्मी को लीड करने की वजह से किया गया। इससे पहले 1959 में अयूब खान ने पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन करने के बाद खुद को पहला फील्ड मार्शल घोषित किया था।

## सुनिश्चित करेंगे दोबारा न हो ऐसी त्रासदी..., हिरोशिमा परमाणु बम हमले की 80वीं बरसी पर बोले पीएम इशिबा

**हिरोशिमा, एजेंसी।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने हिरोशिमा पर परमाणु हमले की 80वीं बरसी पर उन लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस हमले में अपनी जान गंवाई थी। उन्होंने हिरोशिमा में आयोजित एक स्मृति समारोह में भाग लिया और फिर मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार शांति बनाए रखने और परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए लगातार काम करती रहेगी। प्रधानमंत्री इशिबा ने यह भी स्पष्ट किया कि जापान का नाटो जैसे किसी परमाणु साझेदारी समझौते में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है। युद्ध के बाद अमेरिका जापान का सबसे करीबी सहयोगी बन गया है। इस बारे में उन्होंने किसी बदलाव की संभावना खारिज किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री इशिबा ने कहा, मैंने आज हिरोशिमा शहर के शांति स्मारक पार्क में आयोजित स्मृति समारोह में भाग लिया। आज से 80 साल पहले हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया गया था, जिससे यह शहर पलभर में राख में बदल गया। मैंने उन सभी आत्माओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस त्रासदी में अपनी जान गंवाई। प्रधानमंत्री ने आगे लिखा, समारोह के बाद मैंने एक बार फिर शांति स्मारक संग्रहालय का दौरा किया। हम दुनिया का एकमात्र ऐसा देश हैं, जो परमाणु बम के भयावह अनुभव को दूसरों तक पहुंचा सकता है। हम इस दुखद अनुभव की याद को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की अगुवाई करेंगे कि फिर कभी ऐसी कोई त्रासदी न हो। हिरोशिमा में परमाणु हमले में बचे हुए पीड़ितों के प्रतिनिधियों से बातचीत में मैंने परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों, 'हिरोशिमा एक्शन प्लान', पीड़ितों के लिए सहायता योजनाएं और संग्रहालय के विस्तार पर चर्चा की।

## अमेरिका के जॉर्जिया में सैन्य अड्डे में घुसा हमलावर, पांच सैनिकों को मारी गोली; बेस किया गया सीज

**त्बिलिसी, एजेंसी।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में स्थित फोर्ट स्टीवर्ट आर्मी बेस में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक सक्रिय शूटर (हमलावर) की सूचना के बाद बेस के कई हिस्सों को सीज कर दिया गया। इस घटने के दौरान पांच सैनिकों को हमलावर ने अपनी गोली का निशाना बनाया। अमेरिकी समाचार एजेंसी एपी को फोर्ट स्टीवर्ट के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एंजेल टॉमको ने बताया कि मौके पर गोलीबारी की पुष्टि हुई है और स्थिति को लगातार मॉनिटर किया जा रहा है। फोर्ट स्टीवर्ट ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा कि कई हताहतों की खबर है और स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं आई है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ये हताहत केवल घायल हैं या किसी की मौत भी हुई है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि स्थिति को गंभीरता से लिया गया है और हरसंभव सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। आर्मी बेस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह अलर्ट जारी किया गया है कि सभी लोग तत्काल अपने-अपने स्थानों पर रहें, खिड़कियां और दरवाजे बंद कर लें और जब तक अगला निर्देश न मिले, बाहर न निकलें। पूरी चौकसी के साथ आर्मी पुलिस और अन्य एजेंसियां हमलावर की तलाश में जुटी हुई हैं।

# घाना में हेलिकॉप्टर क्रैश, रक्षा और पर्यावरण मंत्रियों समेत आठ की मौत

**अकारा, एजेंसी।**
घाना में एक सैन्य हेलिकॉप्टर हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमाने बोआमाह और पर्यावरण, विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री इब्राहिम मुर्तला मुहम्मद भी शामिल थे। इसमें तीन अन्य अधिकारी और तीन वायुसेना कर्मी भी शामिल थे।

घाना सशस्त्र बलों के अनुसार, जेड9 हेलिकॉप्टर बुधवार सुबह राजधानी अकारा से ओबुआसी के लिए रवाना हुआ, लेकिन रडार से संपर्क टूट गया। घाना के राष्ट्रपति व सरकार ने शोक संवेदना व्यक्त की है। राज्य मीडिया के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त जेड-9 हेलीकॉप्टर एक यूटिलिटी हेलिकॉप्टर था। जिसका उपयोग आमतौर पर परिवहन और चिकित्सा निकासी के लिए किया जाता है।




राष्ट्रपति जॉन माहामा के चीफ ऑफ स्टाफ जूलियस डेबराह ने बताया कि हादसा दक्षिणी अशांति नाम की जगह पर हुआ। उन्होंने इसे राष्ट्रीय त्रासदी बताया। राष्ट्रपति जॉन महामा के चीफ ऑफ स्टाफ जूलियस डेबरा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- राष्ट्रपति और सरकार इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले हमारे साथियों के परिवारों के लिए अपनी संवेदना जाहिर करती है। अगली सूचना तक देशभर में झंडे आधे झुकाए जाएंगे।

बुधवार की यह दुर्घटना पिछले एक दशक से अधिक समय में घाना की सबसे भीषण विमान दुर्घटनाओं में से एक मानी जा रही है। मई 2014 में एक सेवा हेलीकॉप्टर समुद्र तट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी। 2021 में अकारा में एक मालवाहक विमान रनवे से फिसलकर एक यात्रियों से भरी एक बस से टकरा गया था। जिससे कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई थी।

**देशभर में झंडे आधे झुकाए जाएंगे:** राष्ट्रपति जॉन महामा के चीफ ऑफ स्टाफ जूलियस डेबरा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- राष्ट्रपति और सरकार इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले हमारे साथियों के परिवारों के लिए अपनी संवेदना जाहिर करती है।अगली सूचना तक देशभर में झंडे आधे झुकाए जाएंगे। घाना की सेना के मुताबिक, हेलिकॉप्टर बुधवार सुबह राजधानी अकरा से उड़ान भरने के बाद रडार से गायब हो गया था। हादसे की वजहों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

**हादसे की जांच शुरू:** हेलिकॉप्टर में सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल डेमोक्रेटिक कांग्रेस के उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी सवार थे। घाना सरकार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा देश के लिए एक बड़ा झटका है। दुर्घटना का शिकार हुआ हेलिकॉप्टर एक जेड-9 यूटिलिटी हेलिकॉप्टर था, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर ट्रांसपोर्ट और मेडिकल सुविधा के लिए किया जाता है। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और सरकार ने पीड़ित परिवारों के लिए संवेदना जताई है।

# डीपीएल 2025: प्रियांश आर्या ने मचाया तूफान, 9 छक्के 7 चौके के साथ इतने गेंदों पर बना दिए 111 रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 के 12वें मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ आउटर दिल्ली वॉरियर्स के ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या का तूफान मैदान पर देखने को मिला। प्रियांश ने अपनी तूफानी बैटिंग के दम पर विरोधी गेंदबाजों की हवा टाइट कर दी और इस सीजन में ये प्रियांश का अपनी टीम के लिए पहला शतक रहा।

इस मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के कप्तान अनुज रावत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद पहले बैटिंग करने आई आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 231 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया और विरोधी टीम को जीत के लिए 232 रन का बड़ा लक्ष्य दिया।

23 साल के प्रियांश आर्या ने अरुण जेटली मैदान पर ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ के खिलाफ अपना शतक 52 गेंदों पर पूरा किया। हालांकि, वो इसके बाद आउट हो गए, लेकिन उन्होंने 56 गेंदों का सामना करते हुए 111 रन की तूफानी पारी खेली। प्रियांश का स्ट्राइक रेट इस दौरान 198.21 का रहा जबकि उन्होंने अपनी पारी के अंदर 9 छक्के और 7 चौके जड़े।

वहीं आउटर दिल्ली के दूसरे ओपनर बल्लेबाज सनत सांगवान 5 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं प्रियांश ने इस मैच में दूसरे विकेट के लिए करण गर्ग के साथ मिलकर 92 रन की मजबूत साझेदारी की तो वहीं करण ने 24 गेंदों में 43 रन की पारी खेली।



# नाओमी ओसाका को हराकर विक्टोरिया म्बोको ने जीता कैनेडियन ओपन महिला एकल वर्ग का खिताब



**मॉन्ट्रियल (एजेंसी)।** विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन महिला एकल का खिताब जीत लिया है। 18 साल की कनाडा की विक्टोरिया म्बोको ने जापान की दिग्गज खिलाड़ी नाओमी ओसाका को हराकर चैंपियन बनी।

वाइल्ड कार्ड एंट्री करने वाली विक्टोरिया म्बोको ने चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर कैनेडियन ओपन का खिताब जीता था। अपने घर में मिली यह जीत म्बोको के लिए विशेष थी। म्बोको ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी की और दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत से म्बोको ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 25वें स्थान पर पहुंच गई। उन्हें इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क में होने वाले ग्रैंड स्लैम में पहली वरीयता दी जाएगी।

2019 के बाद म्बोको कनाडा की ऐसी दूसरी महिला खिलाड़ी बनी हैं, जिन्होंने कैनेडियन ओपन जीता है। 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने खिताब अपने नाम किया था। टूर्नामेंट में आने से पहले म्बोको की रैंकिंग 85 थी। उनकी जीत उन्हें 1990 में इस प्रारूप की शुरुआत के बाद से टियरढ्ढ 'डब्ल्यूटीए 1000' खिताब जीतने वाली दूसरी सबसे कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी बनाती है।

वह 2009 के बाद से 'डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट' में अपना पहला खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। म्बोको 1995 में मोनिका सेलेस के बाद नेशनल बैंक ओपन जीतने वाली दूसरी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी हैं। म्बोको ने सोफिया केनिन, कोको गॉफ, एलेना रयबाकिना और ओसाका जैसी दिग्गजों को हराते हुए खिताब जीता। गॉफ और रयबाकिना को क्रमशः पहली और तीसरी वरीयता दी गई थी।

वहीं, चार पूर्व महिला एकल ग्रैंड स्लैम चैंपियन का सामना करने वाली और ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में चारों को हराने वाली विक्टोरिया म्बोको पहली कनाडाई खिलाड़ी हैं। म्बोको ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में चार ग्रैंड स्लैम चैंपियन को हराने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। पहली खिलाड़ी 1999 में सेरेना विलियम्स थीं।

# एशिया कप से पहले ऑस्ट्रेलिया दौरा क्यों है महत्वपूर्ण, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने बताई वजह



**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम का उसके घरेलू मैदान पर सामना करने से उनकी टीम को इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार की जरूरत है।

भारतीय टीम आज तड़के ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई, जहां वह 15 से 21 अगस्त तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के खिलाफ चार मैचों की महत्वपूर्ण श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा बड़ी चुनौती होती है और एशिया कप के लिए तैयारी के इस चरण में हमें इसी की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'हम इस श्रृंखला को एशिया कप की तैयारी के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देख रहे हैं। हमारा ध्यान एक इकाई के रूप में सुधार करने, मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने और एशिया कप के लिए राजगीर जाने से पहले जरूरी लय हासिल करने पर है।% हरमनप्रीत ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे से हमें एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार करने की आवश्यकता है। हम ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच 15, 16, 19 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे। इस श्रृंखला से टीम प्रबंधन को एशिया कप के लिए अंतिम टीम के चयन करने में भी मदद मिलेगी। एशिया कप 29 अगस्त से राजगीर में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

# चेन्नई सुपर किंग्स का साथ छोड़ेंगे रविचंद्रन अश्विन

**चेन्नई (एजेंसी)।** स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपनी इच्छा बता दी है। अश्विन ने 2025 के आईपीएल में ही 9 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स में वापस आई थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ही अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। 2010 से 2015 तक वह सीएसके का हिस्सा रहे। 2016 से 2024 तक वह दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स जैसी अलग-अलग टीमों के साथ खेले। 2025 में 9 साल बाद वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए दिखे थे।



क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, अश्विन ने सीएसके से अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने अपने फैसले के बारे में फ्रेंचाइजी को बता दिया है। वैसे उनके इस फैसले की वजह क्या है, इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

अश्विन न सिर्फ सीएसके छोड़ने वाले हैं, बल्कि सीएसके एकेडमी के डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस का पद भी छोड़ने वाले हैं। उन्हें पिछले साल ही ये जिम्मेदारी मिली है।

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन नहीं चाहते कि अगर वह किसी और फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ते हैं तो सीएसके एकेडमी से उनके जुड़ाव की वजह से हितों के टकराव जैसी स्थिति पैदा हो। इसलिए वह सीएसके के साथ-साथ उसकी एकेडमी से भी नाता तोड़ेंगे।

# एशिया कप में भारत–पाक मैच रद्द होने की संभावना नहीं



मुम्बई। भारत और पाकिस्तान के बची आठ सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टीम को 14 सितंबर को पाकिस्तान से खेलना है। इस मैच का विरोध भी हो रहा है और कहा जा रहा है कि पाक जिस प्रकार से आतंकी घटनाओं में शामिल रहा है। उससे भारतीय टीम को इस मैच का बहिष्कार करना चाहिये हालांकि ये संभव नजर नहीं आता। वहीं इस मामले में अभी तक भारत सरकार और क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये मैच रद्द होना इतना आसान नहीं है। वहीं अमीरात क्रिकेट बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुभान अहमद ने कहा, 'जब एशिया कप जैसे टूर्नामेंट में खेलने का फैसला इसमें शामिल सभी सरकारों की सहमति से होता है। उसके बाद ही कार्यक्रम जारी किया जाता है। ऐसे साफ है कि यहां वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) जैसी स्थिति नहीं होगी।' वहीं इससे पहले हुए पूर्व क्रिकेटरों के डब्ल्यूसीएल में इंडिया चैम्पियंस के खिलाड़ियों ने मैच का बहिष्कार कर दिया था। जिससे ये मैच नहीं हो पाया। इसी को लेकर मुख्य परिचालन अधिकारी ने कहा, 'हम कोई गारंटी नहीं दे सकते पर एशिया कप जैसे टूर्नामेंट की तुलना किसी निजी इवेंट से करना सही नहीं होगा।' एशिया कप की मेजबानी भारत के पास है हालांकि सारे मुकाबले यूएई में खेले जाएंगे। भारत का पहला मैच 10 सितंबर को दुबई में मेजबान यूएई के खिलाफ होगा। भारत और पाक के बीच अंतिम बार मुकाबला 9 जून 2024 को न्यूयॉर्क में हुए टी20 विश्व कप के दौरान हुआ था।

## मैकग्रा की भविष्यवाणी : एशेज में 5–0 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया

लंदन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन महीने से अधिक का समय बाकी है लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5–0 से क्लीन स्वीप करेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह प्रतिष्ठित श्रृंखला 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। मैकग्रा ने कहा कि उनकी भविष्यवाणी भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर आधारित है। भारत ने एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस श्रृंखला में इंग्लैंड को 2–2 से बराबरी पर रोका था। मैकग्रा ने 'बीबीसी रेडियो' पर कहा, 'मैं अमूमन भविष्यवाणी नहीं करता हूं लेकिन एशेज के लिए मेरी भविष्यवाणी है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5–0 जीत हासिल करेगा।' उन्होंने कहा, 'मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। जब पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन अपने घरेलू हालात में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, तो इंग्लैंड के लिए यह काफ़ी मुश्किल होने वाला है। इसके अलावा इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं है।' इंग्लैंड इस वर्ष के अंत में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। उसने 2015 के बाद से एशेज नहीं जीती है।

# धवन को आई बेटे जोरावर की याद, भावुक पोस्ट भी साझा की



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन सोशल मीडिया पर बेहद सक्रिय रहते हैं। धवन ने अब एक पोस्ट साझा की इसमें वह अपने बेट जोरावर सिंह को याद कर भावुक हो गये। धवन ने अपनी पोस्ट में बेटे जोरावर को लेकर एक संदेश भी लिखा है। धवन का अपनी पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक हो गया था। इसके बाद से उनका बेटा जोरावर ऑस्ट्रेलिया में अपनी मां आयशा के साथ रहता है। .अदालत के आदेश के अनुसार, धवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों में ज़ोरावर से मिलने की अनुमति है और वह निर्धारित वीडियो कॉल के जरिये भी उससे संपर्क कर सकते हैं। धवन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ' डब्ल्यूसीएल में जब मैंने दोस्तों को अपने बच्चों के साथ खेलते देखा तब लगा कि काश जोरावर यहां होता। यह एक अलग तरह की खुशी होती। बाद में, मुझे उसके बचपन की कुछ तस्वीरें मिलीं जिससे कई यादें ताजा हो गयीं। कुछ पल वास्तव में दिल के सबसे करीब रहते हैं।' धवन ने जोरावर के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। इसमें धवन, रोहित शर्मा, उनकी बेटी समायरा और ज़ोरावर के साथ एक प्यार सी तस्वीर है। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स समापत होने के बाद धवन की इस पोस्ट ने प्रशंसकों को भी भावकु कर दिया है।

# मैग्नस कार्लसन बने पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 चैंपियन

**रियाद, सऊदी अरब (एजेंसी)।** विश्व नंबर एक नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) ने ईरान के ग्रांडमास्टर अलीरेज़ा फिरौज़जा (टीम फाल्कन्स) को फाइनल में लगातार दो सेटों में 3-1, 3-1 से हराकर पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ कार्लसन ने न केवल इतिहास रच दिया बल्कि 2,50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और अपनी टीम के लिए 1000 अंक भी अर्जित किए।

फाइनल मुकाबला टेनिस की तरह तीन सेटों का था, जिसमें प्रत्येक सेट चार बाजियों का था। अगर ज़रूरत पड़ती तो तीसरा सेट दो बाजियों का होता। कार्लसन ने पहला सेट दो जीत और दो ड्रॉ से 3-1 से जीता। दूसरा सेट फिरौज़ज़ा ने एक जीत से शुरू किया, पर अगले तीनों बाजियाँ हारकर मैच भी गँवा दिया।



तीसरे स्थान का मुकाबला–अमेरिका के ग्रांडमास्टर हिकारू नाकामुरा (टीम फाल्कन्स) ने भारत के ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) को 3.5-2.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन ने पहली बाजी में जीत दर्ज की थी, इसके बाद मुकाबला बराबरी पर चलता रहा लेकिन निर्णायक बाजी नाकामुरा ने जीतकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। नाकामुरा को 1,45,000 डॉलर और अर्जुन को 1,15,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

इस टूर्नामेंट में सभी बाजियाँ 10 मिनट के समय नियंत्रण पर खेली गईं। ई स्पोर्ट्स नियमों के अंतर्गत खिलाड़ियों को शोर-रहित हेडफोन पहनने और संगीत सुनने की छूट दी गई। कुल पुरस्कार राशि 15 लाख डॉलर थी और शतरंज खिलाड़ियों को 2.7 करोड़ डॉलर की ई-स्पोर्ट्स साझा इनामी राशि का हिस्सा भी मिला।

### इस जीत के बाद कार्लसन ने कहा

'सेमीफाइनल वास्तव में सबसे कठिन था और आर्मागेडन की कुछ चालों ने ही फर्क पैदा किया। आज के मुकाबलों में मुझे अधिक नियंत्रण महसूस हुआ, खासकर पहले खेल के बाद। मैं कभी-कभी जल्दी चलने को तरजीह देता हूँ बजाय ज़्यादा सोचने के।'

# बेन शेल्टन ने कारेन खाचानोव को हराकर जीता कैनेडियन ओपन पुरुष एकल वर्ग का खिताब



टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीत लिया है। फाइनल में शेल्टन ने कारेन खाचानेव को हराया। शेल्टन के करियर का यह सबसे बड़ा खिताब है। बेन शेल्टन ने कारेन खाचानेव तीन सेट तक चले मुकाबले में 6–7(5), 6–4, 7–6(3) से हराया। फाइनल मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला। बेन शेल्टन एंडी रोडिक के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 जीतने वाले दूसरे सबसे युवा अमेरिकी खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन से पहले 2004 में एंडी रोडिक ने मियामी ओपन का खिताब जीता था। खिताबी जीत के साथ शेल्टन एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में चौथे स्थान पर भी पहुंचे। इससे नवंबर में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावना बढ़ गई है। शेल्टन 2025 में पहली बार मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जैक ड्रेपर (इंडियन वेल्स), जैकब मेन्सिक (मियामी) और कैस्पर रूड (मैड्रिड) ने ये उपलब्धि हासिल की थी। यह शेल्टन के करियर का तीसरा खिताब है, इससे पहले उन्होंने 2023 में टोक्यो और 2024 में ह्यूस्टन में जीत हासिल की थी। शेल्टन ने लगातार तीन सालों से कम से कम एक खिताब जीता है। जीत के बाद बेन शेल्टन ने कहा, 'यह एक अद्भुत एहसास है। यह एक लंबा सप्ताह रहा है। फाइनल तक का रास्ता आसान नहीं था। मेरा सर्वश्रेष्ठ टेनिस तब सामने आया जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।' खाचानोव ने शुरुआती सेट में 10 फोरहैंड विनर लगाए और उनकी ताकत ने शेल्टन को बेसलाइन के काफी पीछे धकेल दिया। लेकिन अपने कोच और पिता ब्रायन की सलाह पर, शेल्टन ने दूसरे और तीसरे सेट में कोर्ट पर अपनी पकड़ मजबूत की और आक्रामक रुख अपनाया। शेल्टन अब एटीपी हेड–टू–हेड सीरीज में खाचानोव से 2–0 से आगे हैं। इससे पहले उन्होंने खाचानोव को साल की शुरुआत में इंडियन वेल्स में भी हराया था। दोनों खिलाड़ियों को सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में भिड़ना है।

# फीफा विश्व कप और ओलंपिक खेलने का सपना : फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने शुक्रवार को कहा कि उनका सपना फीफा विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है। यूएफा चैंपियंस लीग (यूरोप की शीर्ष पेशेवर फुटबॉल लीग) में खेलने वाली इकलौती भारतीय फुटबॉलर मनीषा शुक्रवार को यहां नेहरू स्टेडियम में लड़कियों के लिए आयोजित अस्मिता अंडर–13 लीग में आकर्षण का केन्द्र थी। उन्होंने कहा कि अस्मिता 'युवा लड़कियों को अपने फुटबॉल के सपनों को साकार करने के लिए मुश्किल से मिलने वाला मंच है।' तेईस साल की मनीषा ने अस्मिता के गुवाहाटी चरण में भाग लेने वाली आठ टीमों की हौसला अफजाई करने के बाद कहा'' मेरा सपना अब फीफा विश्व कप और ओलंपिक में खेलने का है। अगले साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद हमारे इरादे मजबूत हुए है।'' अस्मिता लीग का उद्देश्य पूरे भारत में जमीनी स्तर पर प्रतिभा की खोज करना है। मनीषा ने कहा, '' आपके पास अब 'अस्मिता' जैसा एक मंच है और आप जितने अधिक मैच खेलेंगी, आप उतनी ही बेहतर होती जाएंगी'' मनीषा के साथ इस मौके पर असम की दो उभरती हुई खिलाड़ी रेखा कटकी और दोसोमी रौतिया भी मौजूद थी।

# 'वापसी का बेसब्री से इंतजार', सूर्यकुमार यादव एशिया कप की तैयारी में लगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगले महीने होने वाले एशिया कप से पहले रिकवरी के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी है। जून में सूर्यकुमार ने जर्मनी के म्यूनिख में अपनी सफल स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के बारे में इंस्टाग्राम पर एक अपडेट साझा किया था। शुक्रवार को सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे थे और अपनी फिटनेस वापस पाने के लिए अलग-अलग एक्सरसाइज कर रहे थे। उन्होंने अपने पोस्ट का कैप्शन दिया, 'जो मुझे पसंद है उसे करने के लिए वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।'

पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में बताया गया था कि यह तेजतर्रार बल्लेबाज सर्जरी से उबरने के दौरान बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ की निगरानी में है। अगले कुछ हफ्तों में सूर्यकुमार का कार्यभार काफी बढ़ने की उम्मीद है और माना जा रहा है कि वह अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं जिसकी शुरुआत 9 सितंबर से होनी है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम के सितंबर के पहले हफ्ते में यूएई जाने की उम्मीद है। यह टूर्नामेंट अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में अपना खिताब बचाने के लिए भारत की तैयारियों की शुरुआत का प्रतीक होगा। भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी श्रीलंका के साथ करेगा।

सूर्यकुमार को जून 2024 में विश्व कप जीतने के बाद भारत की टी20आई टीम की कमान सौंपी गई थी, जब रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को आखिरी बार जून में मुंबई टी20 लीग के दौरान खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 4 पारियों में 122 रन बनाकर टूर्नामेंट में अपने करियर का अंत किया।

सूर्यकुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के दौरान अपनी शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया। अपने रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन में इस गतिशील बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस (MI) को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ सीजन का आनंद लिया जिसमें लगातार 16 बार 25 या उससे अधिक के स्कोर दर्ज किए, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

सूर्यकुमार ने टूर्नामेंट का समापन 717 रनों के साथ किया जो किसी भी मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज द्वारा एक सीज में सबसे अधिक और आईपीएल इतिहास में किसी भी गैर-ओपनर द्वारा सबसे अधिक रन हैं। सूर्या के नेतृत्व में भारत की टी20 बल्लेबाजी ने नई ऊंचाइयों को छुआ है, जिसमें आक्रामक इरादे और बल्लेबाजी की गहराई पर जोर दिया गया है। टीम ने लगातार विशाल स्कोर बनाए हैं, जिसमें अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ 297 रन का स्कोर भी शामिल है।



# टीम से बाहर होने के बाद भी दीपक चाहर की नेटवर्थ बढ़ी



नई दिल्ली। तेज गेंदबाज दीपक चाहर फिट नहीं होने के कारण पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर हैं। इसके बाद भी उनकी नेटवर्थ बढ़ती जा रही है। चाहर ने भारतीय टीम के लिए एकदिवसीय और टी–20 अंतरराष्ट्रीय में कुल 38 मैच खेलते हुए 47 विकेट लिए है। चाहर गेंदबाजी के साथ ही निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। उन्होंने अपना अंतिम मैच दिसंबर 2023 में खेला था। उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। बीसीसीआई का केन्द्रीय अनुबंध न मिलने के बाद भी उनकी नेटवर्थ कम नहीं हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसान चाहर की कुल संपत्ति तकरीबन 66 करोड़ रुपये रुपये है। इसमें घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से हुई कमाई भी शामिल है। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलमी में उन्हें 9.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। दीपक चाहर ब्रांड एंडोर्समेंट से भी मोटी कमाई करते हैं। चाहर ने 2016 में आईपीएल में डेब्यू किया था। इस दौरान 9 साल में उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 95 मैच खेले हैं। जिसमें 8.13 के इकॉनमी रेट से 88 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उनके नाम 95 मैचों में 117 रन हैं।





# हर बार टूटने के बार भी...


## अक्षरा सिंह ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे यहां अपने स्टाइलिश लुक शेयर करती हैं, साथ ही अपनी पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट भी शेयर करती दिखती हैं। सोमवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ क्रिप्टिक कैप्शन लिखा है। टूटने के बाद कोमल दिल के साथ जीना हिम्मत है अक्षरा सिंह ने आज सोमवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। वे ट्रेडिशनल लुक में दुपट्टा फ्लॉन्ट करते हुए पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, कठोर होना आसान है इस दुनिया में, पर हर बार टूटने के बाद भी कोमल दिल के साथ जीना, वह हिम्मत है।

### नेटिजन्स दी ऐसी प्रतिक्रिया

अक्षरा सिंह ने अपने पोस्ट के साथ लिखा है, दूसरों के प्रित करुण रहें। नेटिजन्स की इस पोस्ट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। अधिकांश लोग रेड हार्ट इमोजी बना रहे हैं। उनके लुक के साथ-साथ कैप्शन की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सही कहा अक्षरा बहन। एक अन्य यूजर ने लिखा है, अक्षरा अब आपको बॉलीवुड जाना चाहिए।

### पवन सिंह से जुड़ चुका है नाम



एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की निजी जिंदगी की अगर बात करें तो उनका नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह के साथ जुड़ चुका है। कभी अक्षरा सिंह और पवन सिंह का कथित अफेयर खूब सुर्खियों में रहा। दोनों ने साथ में फिल्मों में काम भी किया। हालांकि, अब दोनों की राहें जुदा हैं। दोनों का ब्रेकअप एक बुरे मोड़ पर आकर हुआ। अक्षरा सिंह ने पवन सिंह पर मारपीट और हिंसा जैसे कई गंभीर के आरोप भी लगाए थे।

## बैटल ऑफ गलवां के बाद सलमान खान को मिली बड़ी फिल्म

सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवां को लेकर सुर्खियों में हैं। इसकी शूटिंग के लिए वह बहुत मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में सलमान खान ने इस फिल्म का मोशन पोस्टर भी रिलीज किया है। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक सलमान खान अभी इस फिल्म पर काम कर ही रहे हैं कि उनको एक और बड़ा प्रोजेक्ट मिला है।

### सलमान खान को मिली नई फिल्म

पिंकविला के मुताबिक सलमान खान को जो फिल्म मिली है वह पीरियड थ्रिलर फिल्म है। सलमान खान ने मलयालम निर्देशक महेश नारायणन के साथ कई मुलाकातें की हैं। अब सलमान खान महेश नारायणन के साथ पीरियड थ्रिलर फिल्म पर काम करने के लिए राजी हो गए हैं। यह फिल्म 1970 से लेकर 1990 के दशक में सेट की जाएगी।

### फिल्म के लिए सलमान ने ली ट्रेनिंग

बताया जाता है कि सलमान खान इन दिनों अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर फिल्में करना चाहते हैं। इस फिल्म में भी वह जमकर मेहनत करने वाले हैं। इससे पहले खबरें आईं थीं कि सलमान खान ने बैटल ऑफ गलवां के लिए काफी मेहनत की है। उन्होंने अपने घर के जिम में कई बदलाव किए थे। उन्होंने फिल्म में आर्मी का किरदार निभाने के लिए आर्मी की ट्रेनिंग ली थी।

### बैटल ऑफ गलवां के बारे में

आपको बता दें कि सलमान खान जल्द ही फिल्म बैटल ऑफ गलवां में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म साल 2020 में भारत और चीन सीमा पर हुई झड़प पर आधारित है। फिल्म में चित्रांगदा सिंह सलमान खान के साथ अहम किरदार में होंगी। इससे पहले सलमान खान फिल्म सिकंदर में नजर आए थे। यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी।

## सन ऑफ सरदार 2 के बाद अब तेहरान में धमाल मचाएंगी नीरू बाजवा



पंजाबी सिनेमा की क्वीन नीरू बाजवा ने हाल ही में रिलीज हुई हिंदी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में अजय देवगन की पत्नी का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीता। अब वह एक और हिंदी फिल्म 'तेहरान' में जॉन अब्राहम और मानुषी छिल्लर के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 14 अगस्त को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। नीरू के प्रशंसकों के लिए यह दोहरी खुशी का मौका है, क्योंकि वह एक के बाद एक हिंदी फिल्मों में अपनी छाप छोड़ रही हैं। नीरू ने 'तेहरान' को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए बताया कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के बारे में भी हिंट दिया। नीरू ने कहा, लगातार हिंदी फिल्मों में काम करना मेरे लिए एक शानदार अनुभव है। 'सन ऑफ सरदार 2' एक कॉमेडी फिल्म थी, जबकि 'तेहरान' में मेरा किरदार गंभीर, भावनात्मक और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने वाला है। यह एक ऐसी कहानी है, जिसे बताना जरूरी है। इस फिल्म का हिस्सा बनकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। नीरू अपने को-एक्टर जॉन अब्राहम की तारीफ करती नजर आईं। उन्होंने कहा, जॉन के साथ काम करना एक यादगार अनुभव रहा। वह एक ड्रीम को-एक्टर हैं, जो अपने किरदार में गहराई और प्रामाणिकता लाते हैं। उनके साथ काम करने से मेरा प्रदर्शन भी बेहतर हुआ। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमें एक साथ पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। 'तेहरान' एक जियो-पॉलिटिकल फिल्म है, जो साल 2012 में दिल्ली में इजरायली दूतावास के पास हुए बम विस्फोट से प्रेरित है। यह कहानी न केवल एक्शन और ड्रामा से भरपूर है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति और नैतिक दुविधाओं को भी उजागर करती है।

## सारे जहां से अच्छा का ट्रेलर रिलीज, लास्ट वर्ल्ड वार को रोकने आगे आए प्रतीक

**प्रतीक गांधी स्टारर जासूसी वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोमवार को यह ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया ने रिलीज किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रामा और परमाणु संघर्ष की झलक दिखाई गई है।**

### भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष की है कहानी

ट्रेलर में प्रतीक गांधी ने भारत के रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में तैनात किया गया है। वह पाकिस्तान में होने वाली परमाणु गतिविधि को रोकने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है।

### प्रतीक गांधी पाकिस्तान में करते हैं संघर्ष


प्रतीक गांधी जैसे ही पाकिस्तान में राजनयिक मामलों के करीब पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से होती है। इस किरदार को सनी हिंदुजा ने निभाया है। पाकिस्तान में प्रतीक गांधी जो कुछ भी करते हैं उनके दुश्मन उनकी हर गतिविधि पर नजर रखते हैं।

### सारे जहां से अच्छा की स्टारकास्ट

ट्रेलर में गांधी और हिंदुजा के अलावा तिलोत्तमा शोम, कृतिका कामरा, रजत कपूर और अनूप सोनी को भी दिखाया गया है। सारे जहां से अच्छा सीरीज को गौरव सुक्ला ने बनाया है।

### सारे जहां से अच्छा की रिलीज डेट सामने आई

ट्रेलर में दिखाया गया है कि अगर भारत के एजेंट जरा सा भी चूके तो पाकिस्तान परमाणु जंग शुरू कर सकता है। ऐसे में भारतीय एजेंट को पाकिस्तानी दुश्मनों को परमाणु हथियार बनाने से रोकना होता है। लास्ट वर्ल्ड वार सीरीज में सभी किरदारों ने बेहतरीन कलाकारी की है। सारे जहां से अच्छा 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



## इम्तियाज अली ला रहे नई फिल्म, 'साइड हीरोज' बनेंगे अभिषेक बनर्जी-अपारशक्ति खुराना और वरुण शर्मा

अभिनेता अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना और वरुण शर्मा तीनों अलग-अलग फिल्मों में अपने-अपने किरदारों के लिए काफी मशहूर है। अब ये तीनों एक ही फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म को दिग्गज निर्माता-निर्देशक इम्तियाज अली प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म का नाम 'साइड हीरोज' होगा।

### मेकर्स ने शेयर किया फनी वीडियो

मेकर्स की ओर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना और वरुण शर्मा इम्तियाज अली के सामने बैठे हैं और उनसे काम मांग रहे हैं। इम्तियाज बैठे कुछ सोच रहे हैं, तभी अपारशक्ति कहते हैं कि लगता है कि इम्तियाज सर हमारे लिए एक म्यूजिकल रोमांटिक सोच रहे हैं। इसके बाद तीनों अपारशक्ति का गाना भी गुनगुनाते हैं। वीडियो में और भी मेकर्स बैठे हैं। इस दौरान इम्तियाज कहते हैं कि फिल्म दो प्रकार की होती है या तो अपना लगे या फिर सपना लगे। तभी इम्तियाज के पास उनके किसी पुराने दोस्त का फोन आता है। फोन पर इम्तियाज और उसकी मजेदार बात होती है और अंत में वो इम्तियाज को अपने क्लास के री-यूनियन के बारे में बताता है और उस पर उन्हें बुलाता है। दोस्तों की री-यूनियन पर फिल्म लेकर आ रहे इम्तियाज बात करने के बाद इम्तियाज अली कहते हैं कि एक आइडिया है, दोस्तों पर फिल्म बनाते हैं। ये सुनकर अभिषेक, अपारशक्ति और वरुण शर्मा अपनी पिछली फिल्मों के किरदारों को याद करके दुखी हो जाते हैं और कहते हैं फिर से दोस्त। फिर इम्तियाज कहते हैं वैसे वाले दोस्त जिनसे आप जिंदगी भर पीछा नहीं छुड़ा सकते। इन दोस्तों का री-यूनियन। इसके बाद इम्तियाज फिल्म का टाइटल बताते हैं 'साइड हीरोज'। ये सुनकर तीनों कहते हैं कि मम्मी को तो लीड एक्टर बनने का बताकर आए थे। इस तरह से फिल्म का टाइटल साइड हीरोज सामने आता है।

### तीन दोस्तों की कहानी है 'साइड हीरोज'

सिद्धार्थ सेन और पंकज मट्टा द्वारा लिखित और संजय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित 'साइड हीरोज' 2026 में फ्रेंडशिप डे पर रिलीज होगी। मेकर्स ने बताया कि फिल्म तीन बचपन के दोस्तों की कहानी है, जो कॉमेडी टच लिए हुए है। तीन दोस्त जो कई साल बाद एक री-यूनियन में फिर से मिलते हैं। 'साइड हीरोज' का निर्माण इम्तियाज अली ने महावीर जैन, मृगदीप सिंह लांबा और रियान शाह के साथ मिलकर किया है। फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाने की उम्मीद है।





# आज की पीढ़ी को रिश्ते में एडजस्ट करना नहीं सिखाया गया

छोटे पर्दे पर ऐक्टर गौरव चोपड़ा ने एक लंबा वक्त बिताया है। टीवी शो उतरन में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वहीं फिल्मों में भी उनके काम को सराहा गया। पिछले कुछ सालों से वह छोटे पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने पुष्पा इंपॉसिबल से वापसी की है।

**आप पिछले कई साल से छोटे पर्दे से दूर हैं। इतने वक्त तक टीवी इंडस्ट्री से दूर रहने के पीछे क्या वजह रही? क्या आप किसी बदलाव के बारे में सोच रहे थे?**

सबसे पहली बात जो बतानी जरूरी है कि अगर किसी एक मीडियम में, किसी प्लेटफार्म में, किसी ऐक्टर को दर्शकों ने अपने दिल में थोड़ी सी भी जगह दी है और आप उस प्लेटफॉर्म को छोटा समझें तो ये तो नाशुक्री की बात होगी। मेरे साथ ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। मैं वो ऐक्टर कहलाना चाहता हूं, जो मीडियम को महत्व नहीं देता। मैं अपने दर्शकों और खुद के रिश्ते को महत्व देना चाहता हूं। लोगों को इतना भरोसा होना चाहिए कि अगर ये ऐक्टर किसी शो में आ रहा है, तो अच्छा ही होगा। रहीं 4-5 साल के बाद वापसी की तो उसकी वजह एक तो कोविड था। उस समय में संजीवनी के नाम से 2020 में आखिरी शो कर रहा था। उसके बाद मेरी दुनिया ने ही एक ब्रेक ले लिया था।

**क्योंकि अपने कोविड की शुरूआत में ही ब्रेक ले लिया था, तब से अब तक दर्शक की सोच टीवी शोज और फिल्मों को लेकर काफी बदली है। वापसी के बाद आप इस बदलाव को किस तरह देख रहे हैं?**

ये बदलाव का वक्त है तो अगर देखने के माध्यम बदले हैं तो लोगों का टेस्ट भी बदलता है। जैसे इंटरनेशनल कॉन्टेंट देखने से भी लोगों की पसंद पर फर्क पड़ा है। मुझे लगता है कि ये जो बदलाव एक दौर है, एक वक्त के बाद जब बदलाव पूरा होने को होगा, तो दर्शक अपनी-अपनी पसंद के हिसाब से सेटल हो जाएंगे, जिसको जो मीडियम पसंद होगा वो उसमें कॉन्टेंट देखेगा। जो दर्शक जैसा शो देखना चाहते हैं उनके लिए वैसा ही कॉन्टेंट बनाया जाएगा।

**आपने अपने करियर में काफी काम किया है और आज एक बात कही जाती है कि काम के दबाव का असर लोगों के रिलेशनशिप पर भी पड़ रहा है, जिस वजह से रिश्ते बिखर रहे हैं। आपने भी रिलेशनशिप में ऐसा उतार-चढ़ाव देखा है? इस बारे में आप क्या सोचते हैं?**

जी काम का दबाव रिश्ते पर जरूर पड़ता है। महिलाओं और मर्दों पर अलग-अलग पड़ता है। मर्दों से काम करने की समाज की अपेक्षा एक अलग ही दबाव है जबकि महिलाओं के लिए वो सपने को पूरा करने जैसा है। मैं तो खुद को बड़ा खुशकिस्मत मानता हूं कि मैं इतने संपन्न परिवार से था कि मैं कह सका मुझे ऐक्टर बनना है, वरना एक आम लड़के को 15-16 साल की उम्र में ही इस बात का अहसास करा दिया जाता है कि जल्दी घर की जिम्मेदारी उठाने लायक बनो। जो 1950 में देखा जाता था कि शादी के लिए एक लड़के में क्या गुण होने चाहिए, वो ही आज भी देखा जाता है। महिलाओं की स्थिति काफी बदल गई है। आज ये कोई उम्मीद नहीं करता कि आप घर आएंगी तो घर का काम ही करेंगी या बच्चे पालेंगी। वो काम करना चाहें, तो करती हैं। जब एक सोशल बदलाव आता है तो उसमें एक अडजस्टमेंट की जरूरत होती है। सच्चाई ये है कि उस अडजस्टमेंट के बारे में बच्चों को जागरुक नहीं किया जा रहा, उन्हें उसके बारे में पढ़ाया नहीं जा रहा। जो आपने माता-पिता के जीवन में देखा है, अब वैसा नहीं होगा। अब जिम्मेदारी कैसे बांटनी है, बच्चे को कैसे पालना है, ये हमें सोचना होगा। इसके लिए आज की पीढ़ी को तैयार नहीं किया गया है, इस वजह से मतभेद बढ़ रहे हैं और समाज का दबाव उस रिश्ते पर असर कर रहा है।

### दिल्ली से मुंबई तक का सफर कैसा रहा?

जहां आपकी पैदाइश होती है, जहां आपने बचपन बिताया होता है, उस जगह से थोड़ा ज्यादा लगाव होता ही है। मैंने दिल्ली में सेंट कोलम्बस स्कूल से पूरी पढ़ाई की, जिसे आज के दौर में लोग शाहरुख खान के स्कूल के नाम से जानते हैं। वहां से और भी स्टार्स निकले हैं। हमारे स्कूल में इस बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाता था कि लड़कियों के प्रति आपका व्यवहार कितना जेंटलमैन वाला है। आपकी पर्सनैलिटी कैसी है, इस पर भी जोर दिया जाता था। स्कूल के बाद मैंने फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई की। कोर्स के बाद से ही मुझे ऐक्टिंग का शोक लगा था। फिर दिल्ली से मुंबई आ गया। मेरे लिए सबसे अच्छी बात ये रही है कि मुझे कभी स्ट्रगल नहीं करना पड़ा, मुझे आते ही काम मिल गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in